चैत्र शुक्ल - 7 | संवत 2081 | वर्ष - 11 | अंक - 257 | पृष्ठ - 8 | रु. 5/- | चेन्नई » सोमवार » 15-04-2024 | www.dakshinbharat.com | Email : chennai@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित



5 पूरी दुनिया कह रही, तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बनने जा रहे मोदी : राजनाथ

6 नवरात्रि माता का सातवां स्वरूप माँ कालरात्रि

7 फीमेल सेंट्रिक फिल्मों को पसन्द नहीं करते हैं मेल एक्टर्स : विद्या बालन



## फर्स्ट टेक

### कनाडा में भारतीय छात्र की गोली मारकर हत्या

ओटावा/भाषा। कनाडा के वैंकूवर शहर में 24 वर्षीय भारतीय युवक की उसकी कार में गोली मारकर हत्या कर दी गई। युवक उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए 2022 में कनाडा गया था। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। वैंकूवर पुलिस विभाग ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि स्थानीय निवासियों द्वारा गोलियों की आवाज सुनने के बाद 12 अप्रैल को रात करीब 11 बजे अधिकारियों को सूचित किया गया। पुलिस ने कहा कि चिराग आंतिल इलाके में अपनी कार के अंदर मृत पाये गये। उसने कहा कि मामले में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है और जांच जारी है। पुलिस ने कहा कि यह घटना बैसाखी त्योहार के मद्देनजर उत्सव स्थल के लिए जाने वाले एक मार्ग पर हुई।

### ईरान ने इजराइल पर ड्रोन व मिसाइल से किया हमला

यरूशलम/एपी। ईरान ने एक अप्रत्याशित कदम उठाते हुए रविवार तड़के इजराइल पर हमला कर दिया और उस पर सैंकड़ों ड्रोन, बैलेस्टिक मिसाइल तथा क्रूज मिसाइल दागीं। एक सैन्य प्रवक्ता ने कहा कि 300 से अधिक ड्रोन और मिसाइल दागी गईं जिनमें से 99 प्रतिशत को हवा में ही नष्ट कर दिया गया। ईरान के इस हमले ने पश्चिम एशिया को क्षेत्रीय युद्ध के करीब धकेल दिया है। हमले के बाद से इजराइल में हर कहीं साइरन की आवाजें सुनाईं दे रहीं हैं।
सीरिया में एक अप्रैल को हवाई हमले में ईरानी वाणिज्य दूतावास में दो ईरानी जनरल के मारे जाने के बाद ईरान ने बदला लेने का प्रण लिया था। ईरान ने इस हमले के पीछे इजराइल का हाथ होने का आरोप लगाया था।

### इजराइल ने ईरान के हमले रोकने में अपनी सफलता की सराहना की

तेल अवीव/एपी। इजराइल ने ईरान के एक अप्रत्याशित हमले को रोकने में सफल रही अपनी हवाई रक्षा प्रणाली की रविवार को सराहना करते हुए कहा कि कहा कि इसने देश की ओर दागे गए 300 से अधिक ड्रोन और मिसाइल में से 99 प्रतिशत को नाकाम कर दिया। हालांकि, इस बात की आशंका है कि इजराइल जवाबी हमला करेगा जिससे क्षेत्र में तनाव बना हुआ है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि वह शीघ्र ही जी-7 समूह की एक बैठक बुलाएंगे ताकि ईरान के हमले के लिए समन्वित कूटनीतिक जवाबी कार्रवाई तैयार की जा सके। अमेरिका ने स्पष्ट कर दिया है कि यह ईरान के खिलाफ किसी आक्रामक कार्रवाई में हिस्सा नहीं लेगा। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा प्रवक्ता जॉन किर्बी ने एनबीसी से कहा, हम ईरान के साथ युद्ध नहीं चाहते।

| सूर्यास्त 15-04-2024 | सूर्योदय 16-04-2024 |
|---|---|
| 6:21 बजे | 5:57 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 74,244.90 | 22,519.40 |
| (-793.25) | (-234.40) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 7,477 रु. | 89,000 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

## मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### दूध के जले

मिल रहा कौन किससे क्योंकर,
मिडिया में जारी है कयास।
पढ़ सुन कर उकताई जनता,
दल कात रहे काता कपास।
सत्ता की चाहत में आए,
दुश्मन भी अब तो पास-पास।
पी रहे छाछ भी फूंक-फूंक,
इक दूजे को कर-कर तपास।।

# परमाणु हथियारों को खत्म कर देश की रक्षा नहीं कर सकते : प्रधानमंत्री मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

पिपरिया/भाषा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्षी गठबंधन 'इंडि' के एक घटक दल के परमाणु निरस्त्रीकरण के पक्ष में बयान देने को लेकर रविवार को निशाना साधा और कहा कि बिना परमाणु हथियारों के देश की रक्षा नहीं की जा सकती। प्रधानमंत्री मोदी ने मध्य प्रदेश के होशंगाबाद लोकसभा क्षेत्र के पिपरिया कस्बे में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी के एक झटके में गरीबी उन्मूलन के दावे पर तंज कसते हुए कहा कि देश राहुल को गंभीरता से नहीं लेता। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस ने हमेशा डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर का अपमान किया लेकिन भाजपा सरकार ने उनका सम्मान किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने किसी भी पार्टी का नाम लिए बिना मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के घोषणापत्र का जिक्र करते हुए कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडि' के एक घटक दल ने परमाणु निरस्त्रीकरण का आह्वान किया है। मोदी ने लोगों से पूछा कि क्या आज के दौर में देश को परमाणु हथियार की जरूरत है या नहीं खासकर तब जब उसके दुश्मनों के पास इतनी ताकत है।

उन्होंने कहा, विपक्षी गठबंधन के सहयोगियों के घोषणापत्र में कई खतरनाक वादे किए गए हैं। उनके एक सहयोगी के घोषणापत्र में कहा गया है कि वह देश को परमाणु निरस्त्रीकरण करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, हमारे देश की रक्षा के लिए हमारे पास परमाणु हथियार होने चाहिए। जो लोग कह रहे हैं कि परमाणु हथियार नहीं होने चाहिए तो वे भारत की रक्षा कैसे करेंगे।

राहुल गांधी का नाम लिए बिना मोदी ने कांग्रेस नेता के उस दावे पर भी निशाना साधा, जिसमें उन्होंने एक झटके में गरीबी मिटा देने की बात कही थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के 'शहजादे' ने ऐसी घोषणा की है कि लोग हंसेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश उन्हें (राहुल को) गंभीरता से नहीं लेता। उन्होंने कहा, ''उनकी दादी (पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी) ने भी एक बार ''गरीबी हटाओ'' का नारा दिया था और लोग इसके बारे में जानते हैं।'' भारत के संविधान के मुख्य निर्माता की जयंती पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, कांग्रेस ने हमेशा डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर का अपमान किया जबकि हमने उनका सम्मान किया है। उन्होंने देश के शीर्ष संवैधानिक पद पर द्रौपदी मुर्मू के चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर द्वारा दिए गए संविधान के कारण एक आदिवासी महिला भारत की राष्ट्रपति बनीं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ''आज इतिहास में एक बड़ा दिन है क्योंकि आज अम्बेडकर जी की जयंती है। बाबा साहेब के संविधान के कारण ही एक आदिवासी परिवार की बेटी देश की राष्ट्रपति बनी हैं और एक गरीब महिला का बेटा तीसरी बार आपकी सेवा के लिए आपसे वोट मांग रहा है।'' उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को बाबा साहब अम्बेडकर से जुड़े 'पंच तीर्थ' को विकसित करने का अवसर मिला है।

अम्बेडकर का जन्म मध्य प्रदेश के महू शहर में हुआ था। मोदी ने विपक्षी दल पर निशाना साधते हुए कहा, ''कांग्रेस कह रही है कि अगर मैं तीसरी बार प्रधानमंत्री बना तो देश में आग लग जाएगी।'' उन्होंने कहा, ''(विपक्षी) 'इंडिया' गठबंधन यह तय करने में असमर्थ है कि देश को किस दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।'' प्रधानमंत्री ने कहा, ''फिर एक बार, मोदी सरकार' का नारा पूरे देश में गूंज रहा है। उन्होंने सभा में कहा, मोदी का कोई सपना नहीं है, आपके सपने ही मेरा मिशन हैं।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने कभी भी आदिवासियों के योगदान को मान्यता नहीं दी लेकिन भाजपा सरकार ने उन्हें सम्मानित किया है। उन्होंने कहा कि सरकार आदिवासी प्रतीक भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को चिह्नित करने के लिए 2025 को 'जनजाति गौरव दिवस' के रूप में मनाएगी।



> प्रधानमंत्री ने कहा, 'फिर एक बार, मोदी सरकार' का नारा पूरे देश में गूंज रहा है। उन्होंने सभा में कहा, मोदी का कोई सपना नहीं है, आपके सपने ही मेरा मिशन हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने कभी भी आदिवासियों के योगदान को मान्यता नहीं दी लेकिन भाजपा सरकार ने उन्हें सम्मानित किया है।



## मुंबई में अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर गोलीबारी, सुरक्षा बढ़ायी गई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मुंबई/भाषा। अभिनेता सलमान खान के मुंबई स्थित घर के बाहर रविवार तड़के मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात व्यक्तियों ने गोलीबारी की जिसके बाद पुलिस ने उनके आवास के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि बांद्रा इलाके में स्थित 'गैलेक्सी अपार्टमेंट्स' के बाहर सुबह करीब पांच बजे दो व्यक्तियों ने चार गोलियां चलाईं और भाग गए। इसी इमारत में अभिनेता सलमान खान रहते हैं। उन्होंने बताया कि खान के आवास के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है और पुलिस आरोपियों की पहचान करने के लिए उनके घर के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

अधिकारी ने बताया कि सबूत इकट्ठा करने के लिए स्थानीय पुलिस, अपराध शाखा और फॉरेंसिक विज्ञान विशेषज्ञों की एक टीम भी मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू कर दी गई है। घटना के वक्त अभिनेता घर पर थे या नहीं, इसे लेकर पुलिस और खान के परिवार की ओर से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। पिछले वर्ष मार्च में अभिनेता के दफ्तर को एक ई-मेल भेजकर खान को धमकी दी गई थी जिसके बाद मुंबई पुलिस ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई, गोल्डी बराड़ और एक अन्य के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी समेत अन्य धाराओं में एक प्राथमिकी दर्ज की थी।

## नवेगांव से 'कॉलर' लगी बाघिन हुई लापता

गोंदिया/भाषा। महाराष्ट्र के गोंदिया जिले के नवेगांव नागजीरा बाघ अभयारण्य (एनएनटीआर) से एक कॉलर' लगी बाघिन लापता हो गई। बाघिन को ताडोबा अंधारी बाघ अभयारण्य (टीएटीआर) से यहां स्थानांतरित किया गया था। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने कहा कि वन अधिकारियों ने बाघिन पर लगे जीपीएस कॉलर को बरामद कर लिया है। बाघिन की पहचान 'एनटी3' के रूप में की गई है, जिसे बाघ संरक्षण स्थानांतरण कार्यक्रम के तहत 11 अप्रैल को जंगल में छोड़ा गया था।

उपवन संरक्षक और एनएनटीआर के क्षेत्र निदेशक प्रमोद कुमार पंचभाई ने कहा, बाघिन दो साल से कम उम्र की थी इसलिए हमने बाघिन के लगे कॉलर को ढीला कर दिया था।

## लोकसभा चुनाव की लड़ाई मनुवादी विचारधारा के खिलाफ है : खरगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



नागपुर/भाषा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव की लड़ाई प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ नहीं बल्कि सत्तारूढ़ सरकार की ''मनुवादी'' विचारधारा के खिलाफ है। नागपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार विकास ठाकरे के पक्ष में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा कि उनकी पार्टी बाबासाहेब भीम राव अम्बेडकर के संविधान को बचाने के लिए लड़ रही है जो 140 करोड़ भारतीयों के अधिकारों की रक्षा करता है। नागपुर सीट से केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी भाजपा उम्मीदवार हैं।

खरगे ने कहा, विकास ठाकरे एक जमीनी स्तर के कार्यकर्ता हैं। उन्हें मनुवादी विचारधारा को हराने के लिए चुना गया है। 2024 का लोकसभा चुनाव मोदी या गडकरी के खिलाफ नहीं बल्कि मनुवादी विचारधारा के खिलाफ लड़ाई है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने दावा किया कि अगर आरएसएस-भाजपा जीतती है, तो आगे कोई चुनाव नहीं होगा और वे संविधान को खत्म कर देंगे। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने देश की आजादी के लिए काम किया लेकिन अब मोदी पूछते हैं कि पार्टी ने पिछले 70 वर्षों में क्या किया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया, ''राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान कुछ नहीं किया, लेकिन अब वे राम मंदिर और बाबासाहेब अम्बेडकर के नाम पर वोट मांगने आते हैं। अम्बेडकर की तस्वीर तो छोड़िए, इन लोगों ने अपने कार्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज तक नहीं लगाया है।'

' उन्होंने कहा कि युवा इन संगठनों का इतिहास नहीं जानते हैं और केवल मोदी के ''झूठ से गुमराह'' हो रहे हैं। खरगे ने कहा कि मोदी के शासनकाल में देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 5-6 फीसदी की दर से बढ़ रहा है जबकि संप्रग शासन के दौरान यह वृद्धि 8-9 फीसदी थी।

## प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलूरु में किया रोड शो

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मंगलूरु। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कर्नाटक के मंगलूरु में एक विशाल रोड शो किया और रास्ते के दोनों ओर खड़ी उत्साही जनता का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। मोदी ने विशेष रूप से तैयार किए गए वाहन पर खड़े होकर सड़क के किनारे और आस-पास की इमारतों पर इकट्ठा हुए लोगों का अभिवादन किया। इस दौरान लोगों ने 'मोदी, मोदी' और 'भारत माता की जय' के नारे लगाये। रोड शो के दौरान कई जगहों पर उत्सव जैसा माहौल नजर आया। लोगों को ढोल की थाप पर नाचते हुए भी देखा गया।

प्रधानमंत्री मोदी का काफिला जब भाजपा के गढ़ दक्षिण कन्नड़ जिले के मंगलुरु शहर में नारायण गुरु चौराहे से नव भारत चौराहे की ओर गुजरा तो लोगों ने पुष्प वर्षा की। भारी सुरक्षा के बीच रविवार शाम लगभग सवा सात बजे मंगलूरु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे जहां से वह सीधे रोड शो के प्रारंभिक स्थान



ब्रह्मर्षि नारायण गुरु चौक के लिए रवाना हो गये। भगवा टोपी पहने और हाथों में कमल का चिह्न लिए प्रधानमंत्री के साथ दक्षिण कन्नड़ लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार कैप्टन ब्रिजेश चौटा और उडुप्पी-चिकमंगलूर सीट से पार्टी उम्मीदवार कोटा श्रीनिवास पुजारी भी मौजूद थे।

PUNJAB ASSOCIATION'S
ANNA ADARSH
COLLEGE FOR WOMEN
(Affiliated to University of Madras, Chennai)
★★ Re-accredited by NAAC with 'A++' Grade, 2(f) Status under UGC Act ★★
A-I, II Street, Off 9th Main Road, Anna Nagar, Chennai - 600 040.
aacw@annaadarsh.edu.in 044-26212089
ADMISSIONS 2024-2025
APPLY ONLINE
Visit our website for applications for all courses
www.annaadarsh.edu.in



RANKING 2023 INDIA TODAY The best colleges of India (Chennai City) Commerce - 5th | Arts - 6th Science - 6th | BCA - 11th
nirf RANK-BAND 101-150

Applications are invited for Admission to the following U.G./P.G. Courses

SHIFT-I (UG Courses)
B.A
• Business Economics
• English
B.Sc
• Chemistry
• Home Science – Nutrition, Food Service Management and Dietetics (N&D)
• Computer Science
• Psychology
• Computer Science with Data Science
BCA
B.Com
• General
• Corporate Secretaryship
• Bank Management
• Accounting & Finance

SHIFT-I (PG Courses)
M.A
• Public Administration
• English
MSW
M.Sc
• Mathematics
• Chemistry
• Computer Science
• Home Science- FSM and Dietetics
M.Com
• General
• Corporate Secretaryship
• Bank Management

SHIFT-II (UG Courses)
B.Sc
• Computer Science
• Psychology
• Computer Science with Artificial Intelligence
• Statistics*
BCA
B.Com
• General
• Corporate Secretaryship
• Bank Management
• Accounting & Finance
• Marketing Management
• Computer Applications
• Honours

SHIFT-II (UG Courses)
BBA
SHIFT-II (PG Courses)
MSW
M.Com
• General
M.Sc
• Homescience - FSM & Dietetics*
• Applied Psychology*
RESEARCH COURSES Ph.D FULL TIME
• Public Administration
• Commerce
SECOND LANGUAGES FOR UG STUDENTS
• Tamil • Hindi • French

CERTIFICATE COURSES
Abridged certificate courses for students to improve the employability skills

*Awaiting for University Approval

• Psychology Course – Shift 1 & 2 (in – campus internships, counselling center and professional guidance by practicing counsellors in campus. Students from Science, Commerce & Arts group can join)
• Wi-fi enabled campus • CCTV cameras through out the campus for students safety
• Blended learning and holistic development • Excellent placements.
• Counselling centre inside campus, 24/7 counselling support to students (online & by phone also available)
• Dispensary with Doctor & Nurse full time • Hostel facility is available • Air conditioned Canteen facility

Visit our website
MONTHLY FEE PAYMENT OPTIONS powered by EDUFIN
For fee finance call 76690 98333

Dr. R. SHANTHI Principal | SUNIL HASIJA Correspondent | AJAY BHALLA Treasurer | RAMESH LAMBA General Secretary | Dr. VIKRAM AGGARWAL President

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक झटके में गरीबी दूर करने वाले बयान पर राहुल गांधी को बताया 'शाही जादूगर'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पिपरिया (मध्य प्रदेश)/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'एक झटके में गरीबी खत्म करने' वाली टिप्पणी को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तंज कसते हुए रविवार को उन्हें 'शाही जादूगर' करार दिया और कहा कि देश उन्हें गंभीरता से नहीं लेता। प्रधानमंत्री मोदी ने मध्य प्रदेश के होशंगाबाद लोकसभा क्षेत्र के पिपरिया कस्बे में एक जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्षी गठबंधन 'इंडि' के एक घटक दल के परमाणु निरस्त्रीकरण के पक्ष में बयान देने को लेकर भी निशाना साधा और कहा कि बिना परमाणु हथियारों के देश की रक्षा नहीं की जा सकती।






उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस ने हमेशा डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर का अपमान किया लेकिन भाजपा सरकार ने उनका सम्मान किया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा, ''कांग्रेस के शहजादे की इस घोषणा को सुनकर आपको हंसी आयेगी। राहुल कहते हैं एक झटके में देश की गरीबी हटा दूंगा। आप हैरान हो गये कि नहीं? देश पूछ रहा है यह शाही जादूगर इतने वर्षों तक कहां छुपा था। 50 वर्ष पहले उनकी दादी (इंदिरा गांधी) ने गरीबी हटाने का नारा दिया था।'' उन्होंने कहा , ''देश राहुल को गंभीरता से नहीं लेता।'' प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, उन्होंने (राहुल ने) 2014 से पहले 10 वर्ष तक रिमोट कंट्रोल से सरकार चलाई। अब उन्हें तुरंत एक मंत्र मिल गया। उन्होंने ऐसे बयान दिए और हंसी का पात्र बन गए। यह गरीबों के साथ मजाक है। प्रधानमंत्री मोदी ने किसी भी पार्टी का नाम लिए बिना मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के घोषणापत्र का जिक्र करते हुए कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडि' के एक घटक दल ने परमाणु निरस्त्रीकरण का आह्वान किया है। मोदी ने लोगों से पूछा कि क्या आज के दौर में देश को परमाणु हथियार की जरूरत है या नहीं खासकर तब जब उसके दुश्मनों के पास इतनी ताकत है। उन्होंने कहा कि जो पार्टी खुद को मजबूत नहीं कर सकती, वह क्या देश को मजबूत कर सकती है? उन्होंने कहा, विपक्षी गठबंधन के सहयोगियों के घोषणापत्र में कई खतरनाक वादे किए गए हैं। उनके एक सहयोगी के घोषणापत्र में कहा गया है कि वह देश को परमाणु निरस्त्रीकरण करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, हमारे देश की रक्षा के लिए हमारे पास परमाणु हथियार होने चाहिए। जो लोग कह रहे हैं कि परमाणु हथियार नहीं होने चाहिए तो वे भारत की रक्षा कैसे करेंगे। भारत के संविधान के मुख्य निर्माता की जयंती पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, कांग्रेस ने हमेशा डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर का अपमान किया जबकि हमने उनका सम्मान किया है। उन्होंने देश के शीर्ष संवैधानिक पद पर द्रौपदी मुर्मू के चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर द्वारा दिए गए संविधान के कारण एक आदिवासी महिला भारत की राष्ट्रपति बनीं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ''आज इतिहास में एक बड़ा दिन है क्योंकि आज अम्बेडकर जी की जयंती है। बाबासाहेब के संविधान के कारण ही एक आदिवासी परिवार की बेटी देश की राष्ट्रपति बनी हैं और एक गरीब महिला का बेटा तीसरी बार आपकी सेवा के लिए आपसे वोट मांग रहा है।'' उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार को बाबा साहब अम्बेडकर से जुड़े 'पंच तीर्थ' को विकसित करने का अवसर मिला है।अम्बेडकर का जन्म मध्य प्रदेश के महू शहर में हुआ था।



## मोदी लोकतंत्र को नष्ट कर रहे हैं, उनमें और पुतिन में कोई फर्क नहीं : शरद पवार

**सोलापुर/भाषा।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर देश में धीरे-धीरे लोकतंत्र को नष्ट करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनमें और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच कोई फर्क नहीं है। पवार महाराष्ट्र के सोलापुर जिले में अकलुज में पत्रकारों से बात कर रहे थे, जहां वह माढा और सोलापुर लोकसभा सीट पर उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा करने के लिए पूर्व उपमुख्यमंत्री विजयसिंह मोहिते पाटिल के आवास पर पहुंचे। उन्होंने कहा, ''मोदी नहीं चाहते कि विपक्ष से कोई भी निर्वाचित हो। प्रधानमंत्री का इस तरह का रुख दिखाता है कि उनमें और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन में कोई अंतर नहीं है।''

पवार ने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू होने पर मौजूदा मुख्यमंत्री (अरविंद केजरीवाल) की गिरफ्तारी दिखाती है कि मोदी धीरे-धीरे संसदीय लोकतंत्र नष्ट कर रहे हैं और देश तानाशाही की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी लोकतंत्र में सत्तारूढ़ पार्टी की तरह विपक्ष भी बराबर का महत्वपूर्ण है।

## मुख्यमंत्री शिंदे ने आवास के बाहर गोलीबारी की घटना के बाद सलमान खान से बात की

**मुंबई/भाषा।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान से उनके आवास के बाहर गोलीबारी की घटना के मद्देनजर बात की और अभिनेता को समर्थन का आश्वासन दिया। शिंदे ने कहा कि राज्य सरकार किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की अनुमति नहीं देगी।

अभिनेता सलमान खान के मुंबई स्थित घर के बाहर रविवार तड़के मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात व्यक्तियों ने गोलीबारी की, जिसके बाद पुलिस ने उनके आवास के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। बी.आर. अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के बाद उपनगरीय दादर के चैत्यभूमि में पत्रकारों से बात करते हुए शिंदे ने कहा कि गोलीबारी की घटना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है।

मुख्यमंत्री ने कहा, ''मैंने मुंबई पुलिस आयुक्त और अभिनेता सलमान खान से बात की और उन्हें पूरा समर्थन देने की पेशकश की। गोलीबारी की घटना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। मैं लोगों को आश्वस्त करता हूं कि यह सरकार कानून को अपने हाथ में लेने की कोशिश करने वाले किसी भी व्यक्ति को बर्दाश्त नहीं करेगी।''

## राहुल गांधी आज केरल में चुनावी रैलियों में भाग लेंगे, रोड शो करेंगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुवनंतपुरम/भाषा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी केरल में आगामी सप्ताहों में पार्टी उम्मीदवारों के लिए प्रचार करेंगे और संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) की रैलियों को संबोधित करेंगे। वायनाड निर्वाचन क्षेत्र से लगातार दूसरी बार चुनाव लड़ रहे राहुल गांधी 15 अप्रैल को दक्षिणी राज्य पहुंचेंगे। कार्यक्रमों के संयोजक जोसेफ वझाकन ने रविवार को यहां एक बयान में बताया कि राहुल गांधी सोमवार शाम को उत्तरी कोझीकोड जिले में यूडीएफ की एक रैली को संबोधित करेंगे। वह 15 और 16 अप्रैल को वायनाड निर्वाचन क्षेत्र में कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे। वह 18 अप्रैल को कन्नूर, पलक्कड और कोट्टायम निर्वाचन क्षेत्रों में सभाओं में भाग लेंगे।

वझाकन ने बताया कि गांधी का 22 अप्रैल को त्रिशूर, तिरुवनंतपुरम और अलपुझा जिलों में भी रैलियों को संबोधित करने का कार्यक्रम है। कांग्रेस नेता गांधी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल करके और एक



बड़ा रोड शो करके इस महीने की शुरुआत में वायनाड निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव प्रचार शुरू किया था। उन्होंने 2019 के लोकसभा चुनाव में 4,31,770 मतों के रिकॉर्ड अंतर से वायनाड में जीत हासिल की थी। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार, राहुल गांधी के अलावा कई अन्य प्रमुख राष्ट्रीय नेता भी राज्य में पार्टी उम्मीदवारों के समर्थन में प्रचार करेंगे। उन्होंने बताया कि पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार 16 अप्रैल को इस दक्षिणी राज्य का दौरा करेंगे। वह तिरुवनंतपुरम, कोझीकोड और मलप्पुरम निर्वाचन क्षेत्रों में रोड शो करेंगे तथा पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। केरल की 20 लोकसभा सीट के लिए 26 अप्रैल को मतदान होगा।



## फ्रीडम पार्क में भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के लिए पंडाल निर्माण का कार्य प्रारंभ

### जन्मकल्याणक महोत्सव की तैयारियां जोरों पर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। समस्त जैन समाज के सहयोग से जैन युवा संगठन द्वारा 21 अप्रैल को प्रभु महावीर का 2623वां जन्मकल्याणक महोत्सव फ्रीडम पार्क में आयोजित है। संगठन के अध्यक्ष महेंद्र बागरेचा ने बताया कि जन्मकल्याणक महोत्सव के विशाल आयोजन के लिए सभी सदस्य कार्यरत है। मंत्री मदन मुणोत ने बताया कि प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी कल्याणक महोत्सव भव्यता के साथ मनाया जायेगा। पंडाल समिति के चेयरमैन शैलेंद्र मोगरा ने पंडाल संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि रविवार को फ्रीडम पार्क में पंडाल का कार्य शुरु किया तथा कुंडलपुर नगरी के निर्माण के लिए पूजा अर्चना की। उन्होंने बताया कि इस वर्ष विशेष रूप से सामयिक के लिए विशेष सामयिक कक्ष व चैत्र महीने की ओली तप आराधना करने वाले तपस्वियों के लिए आयंबिल की व्यवस्था भी की जा रही है साथ ही वर्धमान प्रसादी की भी विशेष व्यवस्था की जा रही है। स्टाल वितरण समिति के चेयरमैन नितेश ओस्तवाल ने बताया की इस वर्ष विभिन्न स्टालों के लिए 50+ आवेदन प्राप्त हुए हैं। बैनर समिति चेयरमैन नरेश परमार ने बताया की कुंडलपुरनगरी अर्थात फ्रीडम पार्क में आवश्यकता अनुसार दिशा निर्देश जानकारी देने वाले बैनर का निर्माण किया गया है। पंडाल पूजन में अध्यक्ष अध्यक्ष, मंत्री के साथ उपाध्यक्ष महावीर मुणोत, सहमंत्री विशाल गुगलिया, कोषाध्यक्ष मुकेश सुराणा, पंडाल समिति सहचेयरमैन आशीष कोठारी, प्रवीण ललवानी, पूर्व कोषाध्यक्ष नीरज कटारिया सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

## जब्त इजराइली जहाज पर सवार बेटे की सलामती की दुआ कर रहा है केरल का बुजुर्ग दंपती

**कोझिकोड/भाषा।** उत्तरी केरल के कोझिकोड जिले में एक बुजुर्ग दंपती अपने बेटे की सुरक्षा को लेकर चिंतित है, जो खाड़ी क्षेत्र में इजराइल के एक मालवाहक जहाज पर सवार है और वे उसकी वापसी की दुआ कर रहे हैं।

उनका बेटा श्यामनाथ उन 17 भारतीयों में शामिल है, जो इजराइल से जुड़े एक मालवाहक जहाज एमएससी एरीज' पर सवार है जिसे शनिवार को हॉर्मुज जलडमरूमध्य के निकट ईरानी सेना ने जब्त कर लिया। श्यामनाथ के माता-पिता विश्वनाथन और श्यामला ने यहां कहा कि उन्होंने शनिवार को भी अपने बेटे से बात की थी। बाद में उन्हें शिपिंग कंपनी के मुंबई कार्यालय से एक फोन आया, जिसमें उन्हें इस दुखद घटना के बारे में बताया गया। विश्वनाथन ने मीडिया से कहा, हम मुश्किल वक्त से गुजर रहे हैं...हमें अपने बेटी की सुरक्षा की काफी चिंता है। कंपनी प्राधिकारियों ने कहा कि वे जहाज के जब्त होने के बाद चालक दल के सदस्यों से संपर्क नहीं कर पाए हैं। इस जिले के वेल्लीपराम्बा से ताल्लुक रखने वाले श्यामनाथ पिछले 10 वर्ष से 'एमएससी एरीज' में बतौर इंजीनियर काम करते रहे हैं।




## कांग्रेस झूठ फैला रही है, भाजपा आरक्षण कभी खत्म नहीं होने देगी : अमित शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**खैरागढ़/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आरक्षण कभी खत्म नहीं होने देगी और न ही यह कांग्रेस को ऐसा करने देगी। शाह ने यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए लोगों से नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में तीसरा कार्यकाल देने को कहा, ताकि अगले तीन वर्षों में राज्य में नक्सलवाद की समस्या को खत्म किया जा सके।

गृह मंत्री ने कहा कि मोदी ने अपने 10 साल के शासनकाल में माओवादी हिंसा को खत्म कर दिया, लेकिन छत्तीसगढ़ में कुछ हद तक यह अब भी व्याप्त है। खैरागढ़, राजनांदगांव लोकसभा सीट का हिस्सा है। इस निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा के संतोष पांडे का मुकाबला कांग्रेस नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से है। शाह ने कहा, आज बाबा साहेब अम्बेडकर की जयंती है। पूरा देश उन्हें दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों और गरीबों के उत्थान की दिशा में किये गए कार्यों के लिए याद कर रहा है। इस दिन, लोग उनके द्वारा तैयार किये गए संविधान की भावना को जमीनी स्तर तक पहुंचाने का काम करते हैं लेकिन कांग्रेस ऐसे दिन भी झूठ फैलाने में लगी हुई है।

गृह मंत्री ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे दावा कर रहे हैं कि मोदी के फिर से प्रधानमंत्री बनने पर संविधान बदल दिया जाएगा और पार्टी (कांग्रेस) के पदाधिकारियों का आरोप है कि भाजपा सत्ता में बरकरार रहने पर आरक्षण खत्म कर देगी। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा, मैं यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि जब तक भाजपा राजनीति में है, हम आरक्षण को कुछ नहीं होने देंगे। न ही हम कांगेस को इसे खत्म करने देंगे। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश को मजबूत किया है और इसे आतंकवाद से बचाया है। उन्होंने कहा कि राजग सरकार ने अपने 10 साल के शासन में नक्सलवाद को खत्म कर दिया है। उन्होंने कहा, हालांकि, यह कुछ हद तक छत्तीसगढ़ में बचा हुआ है। मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में तीसरा कार्यकाल दें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि छत्तीसगढ़ में तीन साल में नक्सलवाद को खत्म किया जा सके।

## जब तक जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा नहीं मिलता विधानसभा चुनाव नहीं लड़ूंगा : उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर/भाषा।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के नेता उमर अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा दिए जाने तक विधानसभा चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। अब्दुल्ला ने कहा, ''मैं किसी भी चीज के लिए अपनी संभावनाओं की कल्पना नहीं करता। मैं मुख्यमंत्री पद की आकांक्षा नहीं रखता और मैं निश्चित रूप से केंद्र शासित प्रदेश का नेतृत्व करने की आकांक्षा नहीं रखता।''

उमर ने 'पीटीआई-भाषा' को यहां शनिवार को दिए एक साक्षात्कार में कहा, ''मैंने यह बिल्कुल स्पष्ट कर दिया है कि जम्मू-कश्मीर जिस मौजूदा स्थिति में स्वयं है, उसमें मैं विधानसभा चुनाव नहीं लड़ रहा हूं। मैं यह बात 2020 से ही कह रहा हूं और मेरे रुख में कोई बदलाव नहीं आया है।'' अब्दुल्ला परिवार के गढ़ मानी जाने वाली श्रीनगर सीट को छोड़कर बारामूला से चुनाव लड़ने के पीछे के कारण के बारे में पूछे जाने पर तीन बार लोकसभा सदस्य रह चुके नेशनल कॉन्फ्रेंस नेता ने कहा कि आसान रास्ता अपनाना उनकी आदत नहीं है। अब्दुल्ला ने याद किया कि 1984 के लोकसभा चुनाव में अनंतनाग सीट से उनकी दादी अकबर जहां ने चुनाव लड़ा था और जीत दर्ज की थी। उन्होंने कहा, मुझे आज भी याद है कि जब मैं बच्चा था तब मैंने लोकतंत्र की हत्या के बाद 1984 में अनंतनाग से अपनी दादी के साथ चुनाव प्रचार किया था। उस समय विधायकों को खरीदा गया था, दलबदल कराया गया था और मेरे पिता की सरकार गिरा दी थी।



## भाजपा विविध भाषा प्रकोष्ठ की बैठक में गूंजा हर बूथ जीतने का संकल्प

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। भारतीय जनता पार्टी लोकसभा मध्य क्षेत्र के विविध भाषा प्रकोष्ठ की बैठक रविवार को एसआर नगर स्थित सांसद कार्यालय में प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव इंदरचंद नाहर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नाहर ने कहा कि हर कार्यकताओं को अपने अपने बूथ पर हर मतदाता को घर से बूथ तक लाना ही मुख्य कार्य है।

उन्होंने कहा कि यदि हमने बूथ जीता तो चुनाव की जीत निश्चित रूप से संभव है। बैठक को विविध भाषी प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसमन्वयक सनीराज, समन्वयक कांतिलाल राजपुरोहित ने भी सम्बोधित करते हुए अधिकाधिक मतदान की अपील की। इस मौके परषणमुगम, मुकेश जाखड़, विशाल बोहरा, भूपेश कश्यप, अंजना शर्मा, प्रवीण जैन, प्रियंका झा, विनिता कॉल, रणजीतसिंह राजपुरोहित सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एयर इंडिया ने तेल अवीव के लिए उड़ानें अस्थायी रूप से निलंबित कीं

**नई दिल्ली/भाषा।** इजराइल और ईरान में बढ़ते तनाव के बीच एयर इंडिया ने रविवार को तेल अवीव के लिए उड़ानें अस्थायी रूप से निलंबित करने का फैसला किया। एक अधिकारी ने कहा कि दिल्ली से तेल अवीव के लिए सीधी उड़ानें फिलहाल निलंबित रहेंगी। एयर इंडिया दिल्ली और इजराइल के शहर के बीच चार साप्ताहिक उड़ानें संचालित करती है।

टाटा समूह के स्वामित्व वाली कंपनी ने लगभग पांच महीने के अंतराल के बाद तीन मार्च को तेल अवीव के लिए सेवाएं बहाल की थीं। इजरायल के शहर पर हमास के हमले के बाद एयर इंडिया ने पिछले साल सात अक्टूबर से तेल अवीव के लिए उड़ानें निलंबित कर दी थीं।

## रोड शो के दौरान पथराव में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी घायल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**विजयवाड़ा/भाषा।** आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में प्रचार के दौरान मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी पर शनिवार को अज्ञात व्यक्तियों ने पथराव कर दिया जिसमें वह घायल हो गये। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने यह जानकारी दी।

युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) प्रमुख रेड्डी पर 'मेमंता सिद्धम' (हम बिल्कुल तैयार हैं)' नामक बस यात्रा के दौरान पत्थर फेंके गए और एक पत्थर उनकी आंख से ठीक ऊपर माथे पर लगा जिससे वहां छोटा सा कट लग गया। राज्य की 175 सदस्यीय विधानसभा और 25 लोकसभा सीट के लिए 13 मई को होने वाले चुनाव से पहले शनिवार को रेड्डी के 21 दिवसीय चुनाव प्रचार का 14वां दिन था। मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी बयान में कहा गया है, मुख्यमंत्री जब अपने बस यात्रा के दौरान सिंह नगर के विवेकानंद स्कूल सेंटर में भीड़ का अभिवादन कर रहे थे, उसी दौरान उन्हें पत्थर लगा। बयान में बताया गया कि चिकित्सक की सलाह के बाद उन्हें विजयवाड़ा सरकारी अस्पताल ले जाया गया है जिसके बाद वह देर रात करीब साढ़े 12 बजे एनटीआर जिले में केसरपल्ले में अपने रात्रि विश्राम स्थल लौट आए। एक चिकित्सक ने पत्रकारों से कहा कि एक प्लास्टिक सर्जन ने रेड्डी के जख्म पर दो-तीन टांके लगाए हैं।



उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री को पेट के बल नहीं सोने की सलाह दी गई है। वाईएसआरसीपी ने शनिवार देर रात एक बजे जारी बयान में कहा कि बस यात्रा विराम लेगी और पार्टी रविवार को अगला कार्यक्रम जारी करेगी। बयान में कहा गया है, चिकित्सकों ने मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी की जख्म की जांच की और घाव पर टांके लगाने से पहले लोकल एनेस्थीसिया' दिया... चिकित्सकों ने उन्हें थोड़ा आराम करने की सलाह दी है। अस्पताल के कर्मचारियों का अभिवादन करने के बाद, मुख्यमंत्री जगन केसरपल्ले प्रवास स्थल (रात्रि विश्राम) के लिए रवाना हो गए। प्रधानमंत्री ने कहा, ''मैं आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी गारू के शीघ्र स्वस्थ होने और उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना करता हूं।'' तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष एम के स्टालिन ने रेड्डी पर पथराव की निंदा की।

## रायगढ़ में हाथी के हमले में महिला की मौत

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में रविवार को हाथी के हमले में 56 वर्षीय एक महिला की मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। रायगढ़ प्रभाग की वन अधिकारी स्टाइलो मंडावी ने कहा कि यह घटना तमनार क्षेत्र के झिंगोल गांव के पास सुबह करीब 7:30 बजे हुई। यह घटना उस दौरान हुई जब वे 'महुआ' फल इकट्ठा कर रहे थे। मंडावी ने बताया, 'एक जंगली हाथी वहां पहुंचा और कलावती राठिया को कुचलकर मार डाला जबकि रामलाल राठिया (35) नाम का एक व्यक्ति हाथी के हमले में घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक के परिजनों को 25,000 रुपये की तत्काल सहायता राशि दी गई है, जबकि पूरा मुआवजा औपचारिकताएं पूरी होने के बाद दिया जाएगा। अधिकारी ने कहा, तमनार क्षेत्र में पांच हाथियों का झुंड घूम रहा है। स्थानीय ग्रामीणों को सतर्क कर दिया गया है और वन कर्मी झुंड की गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं। सरगुजा, रायगढ़, कोरबा, सूरजपुर, महासमुंद, धमतरी, गरियाबंद, बालोद, बलरामपुर और कांकेर जैसे जिलों में नियमित रूप से हाथियों के हमले की घटनाएं सामने आती रहती हैं।

# तमिलनाडु में पारंपरिक उत्साह के साथ किया गया तमिल नव वर्ष का स्वागत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिल माह 'चिथिराई' के पहले दिन तमिल नववर्ष का रविवार को राज्य भर में पारंपरिक उत्साह के साथ स्वागत किया गया। तमिल भाषी लोगों ने पारंपरिक पोशाक पहनकर पूजा स्थलों पर जाकर नए साल की शुरुआत की।

इस अवसर पर कई मंदिरों में विशेष पूजा आयोजित की गईं और राज्य के प्रसिद्ध वडापलानी मुरुगन मंदिर, तिरुचिरापल्ली के पास समयपुरम मरियम्मन मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भक्तों की कतारें लगी रहीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि, अन्नाद्रमुक महासचिव ई के पलानीस्वामी ने इस अवसर पर शुभकामनाएं दीं। मोदी ने तमिल नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, तमिल संस्कृति की जीवंत परंपराओं और गहन विरासत की अभिव्यक्ति, पुथंडू पर शुभकामनाएं।

उन्होंने कहा, आने वाला वर्ष शांति, स्वास्थ्य और समृद्धि लाए। यह वर्ष हर किसी के जीवन में खुशी, सफलता और संतृप्ति लाए। राजभवन द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में रवि ने कहा, तमिल नववर्ष के शुभ अवसर पर सभी को विशेषकर मेरे तमिल भाइयों और बहनों को मेरी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। नया साल सभी के जीवन में अच्छा स्वास्थ्य, खुशियां, सफलता और संतृप्ति लाए।

विभिन्न सोशल मीडिया मंच पर साझा ऑडियो संदेश में पलानीस्वामी ने दुनियाभर में रह रहे तमिल लोगों को तमिल नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। इस बीच, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भी इस अवसर पर तमिल लोगों को शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने सोशल मीडिया पर किए एक पोस्ट में कहा, मैं कनाडा में रह रहे तमिलों को अपनी शुभकामनाएं भेज रहा हूं, जो परिवार और प्रियजनों के साथ तमिल नववर्ष की शुरुआत का जश्न मना रहे हैं। शुभ पुथंडू।

चुनाव प्रचार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



कोयम्बटूर से भाजपा प्रत्याशी के. अन्नामलाई के समर्थन में चुनाव प्रचार करती हुई केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण। उन्होंने कोयम्बटूर में जगह जगह पर लोगों को भी संबोधित किया। इस मौके पर भाजपा की महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष वनाती श्रीनिवासन आदि साथ में थीं।

# टीटीडी ने भीड़ प्रबंधन पर अयोध्या राम मंदिर न्यास को रिपोर्ट सौंपी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुपति।** तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के इंजीनियरों के एक दल ने राम मंदिर न्यास के निमंत्रण पर अयोध्या का दौरा किया और उन्हें भीड़ नियंत्रित करने के संबंध में तकनीकी सलाह दी।

टीटीडी द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, टीटीडी के कार्यकारी अधिकारी ए. वी. धर्मा रेड्डी और राम मंदिर न्यास के आयोजकों के बीच एक बैठक हुई। भीड़ प्रबंधन, कतारें लगाने, जल की व्यवस्था करने, प्रवेश और निकास द्वारों पर तकनीकी सलाह के साथ एक विस्तृत रिपोर्ट न्यास को सौंपी गयी।

उल्लेखनीय है कि पहले भी श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के अनुरोध पर टीटीडी अधिकारियों के एक दल ने तिरुमला की तरह ही श्रद्धालुओं को बिना किसी बाधा के दर्शन कराने के लिए न्यास की आवश्यकताओं का आकलन करने के वास्ते 16 और 17 फरवरी को अयोध्या का दौरा किया था। टीटीडी के तकनीकी सलाहकार रामचंद्र रेड्डी और अन्य अधिकारियों ने 13 अप्रैल को बैठक में भाग लिया, जबकि राम मंदिर न्यास की ओर से चंपत रॉय, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के महासचिव गोपालजी तथा अन्य अधिकारियों ने बैठक में भाग लिया।

## चेन्नई के वेल्स विवि ने राम चरण को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से किया सम्मानित

**चेन्नई/नई दिल्ली।** चेन्नई के वेल्स विश्वविद्यालय ने अभिनेता राम चरण को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया है। लोकप्रिय फिल्म आरआरआर के अभिनेता राम चरण ने अपने फिल्मी सफर के दौरान उन सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया है, जिन्होंने उनके साथ काम किया। वेल्स विश्वविद्यालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट कर बताया कि तेलुगु फिल्म अभिनेता को शनिवार को 14वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में 'डॉक्टर ऑफ लिटरेचर' की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। राम चरण (39) ने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर कार्यक्रम की तस्वीर साझा की। राम चरण ने सोशल मीडिया मंच 'इंस्टाग्राम' पर एक पोस्ट में लिखा, वेल्स विश्वविद्यालय से डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्राप्त करके खुशी हुई! चेन्नई के लोगों और मेरी इस यात्रा का हिस्सा रहे सभी लोगों का आभारी हूं। यहां एक साथ अधिक सपने और उपलब्धियां हैं।

# भाजपा का दुनिया भर में तिरुवल्लुवर सांस्कृतिक केंद्र बनाने की दिशा में काम करने का वादा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/नई दिल्ली।** तमिलनाडु के लोगों से जुड़ने की कोशिश करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को घोषणा की कि आगामी लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने के बाद भारतीय जनता (भाजपा) की सरकार पूरी दुनिया में तिरुवल्लुवर सांस्कृतिक केंद्र बनाने की दिशा में काम करेगी। तमिलनाडु में अपने पांव जमाने के लिए भाजपा पिछले कुछ समय से लगातार प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी भी लगातार वहां के दौरे कर रहे हैं।

मोदी ने लोकसभा चुनाव के लिए यहां पार्टी मुख्यालय में भाजपा का घोषणापत्र जारी करते हुए कहा, हम पूरी दुनिया में तिरुवल्लुवर सांस्कृतिक केंद्र बनाएंगे। दुनिया की सबसे पुरानी तमिल भाषा हमारी शान है। भाजपा तमिल भाषा की वैश्विक प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। तिरुवल्लुवर एक प्रसिद्ध तमिल कवि और दार्शनिक थे। प्रधानमंत्री ने पूर्व में कई मौकों पर युवाओं से तिरुवल्लुवर की पुस्तक कुरल' पढ़ने के लिए कहा था, जो एक प्रसिद्ध तमिल ग्रंथ है और जो जीवन के विभिन्न पहलुओं में नैतिकता पर ज्ञान प्रदान करता है।

भाजपा के लिए तमिलनाडु और पड़ोसी केरल ऐसे राज्य हैं जहां वह अब तक कोई खास प्रदर्शन नहीं कर सकी है। तमिलनाडु में लोकसभा की कुल 39 सीट है जबकि केरल में 20 सीट है। दोनों राज्यों में आम चुनाव के पहले दो चरणों में 19 और 26 अप्रैल को मतदान होना है।

पांच दक्षिणी राज्यों तमिलनाडु (39 सीट), कर्नाटक (28 सीट), आंध्र प्रदेश (25 सीट), केरल (20 सीट), तेलंगाना (17 सीट) और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी (1) में कुल मिलाकर 130 सीटें हैं। भाजपा ने 2019 के आम चुनावों में इनमें से केवल 29 सीट पर जीत दर्ज की थी। इनमें से 25 सीट अकेले कर्नाटक से और चार तेलंगाना से थीं। तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश और पुडुचेरी की 85 सीट में से भाजपा एक भी सीट नहीं जीत सकी थी।

प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु के आधा दर्जन से अधिक दौरे किए हैं। भाजपा का लक्ष्य इस लोकसभा चुनावों में इस दक्षिणी राज्य में सफलता हासिल करने का है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने हाल ही में एक साक्षात्कार में कहा था कि दक्षिणी राज्य लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 400 से अधिक सीट जीतने के लक्ष्य को हासिल करने में बड़े योगदान देंगे।

चुनाव प्रचार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत


रविवार को नीलगिरि संसदीय क्षेत्र से एनडीए के प्रत्याशी एवं केन्द्रीय मंत्री एल मुरुगन ने क्षेत्र में चुनाव प्रचार किया।

# कन्नड़ फिल्म निर्माता सौंदर्य जगदीश की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/भाषा। कन्नड़ फिल्म निर्माता एवं व्यवसायी सौंदर्य जगदीश द्वारा कथित तौर पर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस और निर्माता के नजदीकी सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक निर्माता ने आज सुबह यहां महालक्ष्मी लेआउट स्थित अपने आवास में कथित तौर पर आत्महत्या करने का प्रयास किया था। पुलिस ने कहा कि इस घटना के सिलसिले में जांच जारी है और सभी उचित प्रक्रियाओं का पालन किया जाएगा। सौंदर्य जगदीश के मित्र श्रेयस ने यहां संवाददाताओं से कहा, जगदीश ने आत्महत्या का प्रयास किया, हम उन्हें अस्पताल ले गए, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। इसके पीछे कारण क्या था, यह जानने के लिए आगे की प्रक्रिया चल रही है। उन्हें स्वास्थ्य संबंधी कोई समस्या नहीं थी, हम आपको अचानक हुई इस घटना का कारण बताने में असमर्थ हैं। ये आज सुबह हुआ।

# मैसूरु, मंगलूरु भाजपा के झंडों से पटे, सुरक्षा कड़ी हुई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मंगलूरु। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंगलूरु में रविवार शाम को होने वाले रोडशो के लिए त्रिस्तरीय कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गयी है जबकि पूरा शहर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के झंड़ों से पाट दिया गया है। मंगलूरु के पुलिस आयुक्त अनुपम अग्रवाल ने 'पीटीआई भाषा' को बताया कि प्रधानमंत्री मोदी की सुरक्षा के लिए तैनात विशेष सुरक्षा दल (एसपीजी) के निर्देशन में त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गयी है।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री की सुरक्षा के लिए पहला घेरा नियमानुसार एसपीजी का होगा और दूसरा और तीसरा घेरा राज्य पुलिस के कमांडो और स्थानीय बल का होगा। अग्रवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी का रोडशो शाम साढ़े छह बजे होगा, जिसके लिए सुरक्षा तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी की सुरक्षा को देखते हुए रोड शो के दौरान पुलिस अधीक्षक स्तर के आठ और उपाधीक्षक स्तर के 25 अधिकारियों समेत कुल लगभग 1800 सुरक्षा कर्मियों की विशेष तैनाती की गई है।

अधिकारी ने बताया कि रोडशो के दौरान शहर के यातायात को भी परिवर्तित किया जायेगा।







# कांग्रेस 'टुकड़े-टुकड़े गैंग की सुल्तान' : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु/भाषा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए उसे 'टुकड़े-टुकड़े गैंग का सुल्तान' करार दिया। उन्होंने मुख्य विपक्षी पार्टी पर खतरनाक इरादे से 'देश को बांटने, तोड़ने और कमजोर' करने का आरोप लगाया। मोदी ने कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस पर हमला करते हुए आरोप लगाया, लूट के कारण सरकार का खजाना खाली है, विकासात्मक और कल्याणकारी योजनाएं बंद हो रही हैं।

उन्होंने कहा, ''कांग्रेस को चुनाव लड़ने में मदद करने के लिए कर्नाटक से सैकड़ों करोड़ रुपये का काला धन देश भर में भेजा जा रहा है। यह कांग्रेस का शासन मॉडल है।'' मोदी मैसूरु के महाराजा कॉलेज मैदान में एक चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। यह चुनावी सभा मैसूरु, चामराजनगर, मंड्या और हासन लोकसभा क्षेत्रों से भाजपा और जनता दल एस उम्मीदवारों के पक्ष में समर्थन जुटाने के लिए आयोजित की गई थी।

मोदी ने कहा, ''यह (भारत) ऐसी भूमि है जहां माताएं अपने बच्चों को देश की सेवा के लिए सशस्त्र बलों में भेजने का सपना देखती हैं। दूसरी ओर, एक कांग्रेस पार्टी है जो 'टुकड़े-टुकड़े गैंग का सुल्तान' बनती जा रही है।'' उन्होंने दावा किया, ''देश को बांटने, तोड़ने और कमजोर करने की कांग्रेस की खतरनाक मंशा अब भी वैसी ही है।'' राष्ट्रवादी जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के इस शक्ति प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के अलावा जद(एस) के संरक्षक और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने भी मंच साझा किया।

कर्नाटक में लोकसभा की 28 सीट हैं जिनमें से 25 पर भाजपा चुनाव लड़ रही है जबकि पिछले साल सितंबर में राजग में शामिल हुई जद(एस) मंड्या सहित तीन सीट पर चुनाव लड़ रही है। मोदी ने कहा, ''कर्नाटक में राजग को एचडी देवेगौड़ा और (भाजपा नेता बीएस) येडीयुरप्पा जैसे वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन और जद(एस) नेता एचडी कुमारस्वामी का सहयोग प्राप्त है।'' उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस ने देश से नफरत की ''सारी हदें'' पार कर दी हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा, ''कर्नाटक के लोग गवाह हैं कि जो लोग भारत के खिलाफ बोलते हैं, कांग्रेस उन्हें इनाम के तौर पर चुनाव का टिकट देती है। हाल ही में आपने देखा होगा कि कांग्रेस की चुनावी रैली में एक व्यक्ति ने लोगों से भारत माता की जय' का नारा लगवाया, लेकिन ऐसा करने से पहले उन्हें मंच पर बैठे नेताओं की अनुमति लेनी पड़ी थी।'' उन्होंने सवाल किया कि क्या किसी को 'भारत माता की जय' बोलने के लिए अनुमति की आवश्यकता होती है? मोदी ने जनता से सवाल करते हुए कहा, क्या देश, कर्नाटक, मैसूरु ऐसी कांग्रेस को माफ करेंगे? पहले 'वंदे मातरम' का विरोध किया और अब 'भारत माता की जय' कहने से कतराते हैं। यह कांग्रेस के पतन की पराकाष्ठा है।''

भाजपा ने मैसूरु से यहां के पूर्व शाही परिवार के वंशज यदुवीर कृष्णदत्त चामराजा वाडियार को अपना उम्मीदवार बनाया है जबकि देवेगौड़ा के बेटे एवं पूर्व मुख्यमंत्री कुमारस्वामी मंड्यझा से सहयोगी जद(एस) के प्रत्याशी हैं। कर्नाटक भाजपा के लिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह दक्षिण भारत का एकमात्र राज्य है जहां पार्टी सत्ता पर काबिज रह चुकी है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 28 में से 25 सीट पर जीत दर्ज की थी जबकि पार्टी द्वारा समर्थित एक निर्दलीय भी विजयी हुआ था।

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर सत्ता के लिए आग से खेलने का आरोप लगाते हुए कहा कि ऐसे समय में जब भारत का सम्मान विश्व में बढ़ रहा है, कांग्रेस नेता विदेश जाकर भारत की खराब छवि पेश करने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया, देश अपने दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देता है, लेकिन कांग्रेस सेना से 'सर्जिकल स्ट्राइक' के सबूत मांगती है। कांग्रेस एक प्रतिबंधित संगठन की राजनीतिक शाखा के साथ काम कर रही है जो आतंकवादी गतिविधियों में शामिल है।

प्रधानमंत्री ने दावा किया कि देश में 'तुष्टिकरण का खुला खेल' चल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मेलों और त्योहारों पर रोक लगाने की कोशिश की जा रही है। मोदी ने सवाल किया, ''क्या आप देश का प्रशासन वोट बैंक की राजनीति का खेल खेलने वालों के हाथों में सौंप देंगे?'' उन्होंने कांग्रेस और 'इंडि' गठबंधन को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बहिष्कार' को लेकर आड़े हाथ लिया और कहा कि उसने 'हमारी आस्था का अपमान' किया।

प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि 'इंडि' गठबंधन के लोग सनातन को खत्म' करना चाहते हैं और हिंदू धर्म की शक्ति को नष्ट करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि जब तक मोदी हैं और उन्हें आपका आशीर्वाद प्राप्त है तब तक नफरत की ये ताकतें कभी सफल नहीं होंगी। कर्नाटक में लोकसभा की 28 सीटों के लिए दो चरण में मतदान होगा। पहले चरण में 14 लोकसभा सीट पर 26 अप्रैल को मतदान होगा जबकि शेष 14 सीट पर सात मई को मतदान होगा। मोदी ने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव 2047 के लिए विकसित भारत' का भविष्य तय करेगा। उन्होंने दावा किया कि देश की प्रगति के लिए वह अपना एक-एक मिनट लगा रहे हैं। मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने कभी भी अपने 60 साल के शासन का हिसाब नहीं दिया, क्योंकि वह केवल समस्याएं पैदा करना और धोखा देना जानती है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कर्नाटक, सत्तारूढ़ कांग्रेस की लूट के लिए ''एटीएम राज्य'' बन गया है। मोदी ने भाजपा के घोषणापत्र में उल्लेखित गारंटी का जिक्र करते हुए इसे 'नये भारत' की तस्वीर बताया।

इससे पहले जनसभा को संबोधित करते हुए देवेगौड़ा ने मोदी की जमकर प्रशंसा की और कहा कि उन्होंने पिछले 10 साल में विश्व स्तर पर भारत को काफी सम्मान दिलाया है। उन्होंने कहा, ''राज्य को बचाने के लिए मैंने कुमारस्वामी से मोदी के साथ जाने को कहा।''

पूर्व प्रधानमंत्री ने कांग्रेस और 'इंडि' गठबंधन पर भी निशाना साधा। उन्होंने 'कुशासन' और मोदी के बारे में खराब बातें कहने के लिए मुख्यमंत्री सिद्दरामैया और उप मुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार को भी आड़े हाथ लिया।

# सीकर में ट्रक और कार की टक्कर में सात लोगों की झुलसकर मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के सीकर जिले में रविवार को एक तेज रफ्तार कार और ट्रक की टक्कर में तीन महिलाओं और दो बच्चों समेत सात लोगों की झुलसकर मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस उपाधीक्षक (फतेहपुर सर्किल) रामप्रताप बिश्नोई ने बताया कि कार में सवार सात लोग सालासर बालाजी मंदिर से हिसार की ओर जा रहे थे कि फतेहपुर कोतवाली थाना क्षेत्र की आर्शीवाद पुलिया के पास कार ने ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी, जिसके बाद वाहन में आग लग गई। अधिकारी ने बताया कि कार सवार लोग उत्तर प्रदेश के मेरठ के रहने वाले थे। उन्होंने बताया कि आग लगने से कार के दरवाजे नहीं खुल पाये और कार में सवार तीन महिलाओं, दो बच्चे और दो पुरुष की झुलसकर मौत हो गई।

अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान के प्रयास किये जा रहे है। उन्होंने बताया कि ट्रक और कार में लगी आग को बुझाने के प्रयास किये जा रहे है।



# देश की जनता और मुद्दों से भटके प्रधानमंत्री मोदी : प्रियंका गांधी वाड्रा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जालौर। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी देश की जनता और उनके मुद्दों से कट भटक गये हैं। प्रियंका गांधी ने जालोर में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आजकल चुनाव के समय एक अजीब सा माहौल बन गया है। आपके ध्यान को भटकाने वाली सारी बातें हो रही हैं। बडे बडे प्रचार हो रहे हैं, अजीब सी बहकी-बहकी सी बातें हो रही हैं। उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री मोजी कभी अपनी झूठी वीरता दिखाते हैं तो कभी शेखी बघारते हैं. मांस-मछली की बात करतें है.. कभी हवा में उड़ते हैं तो कभी समुद्र के नीचे चले जाते है..इन बातों से आपके जीवन का क्या मतलब है?''

प्रियंका ने कहा कि सबसे बडी आपकी समस्या क्या है महंगाई। मुझे लगता है कुछ हो गया है मोदी जी को। समझ नहीं पा रहे है। क्या होता है कि कई बार सत्ता का नशा इतना चढ़ जाता है कि लोग सच्चाई बताते ही नहीं हैं।

उन्होंने कहा, ''इंसान घिर जाता है.. चाहे कुछ भी उसका अनुभव हो लेकिन सत्ता का नशा होने पर लोग डरते हैं..अधिकारी डरते हैं, जो साथ में काम करते वो डरते हैं कि असलियत ना बताएं। इसलिए इंसान कट जाता है जनता से.. मुझे सचमुच लगता है कि मोदी जी देश की जनता और उनके मुद्दों से कट चुके हैं।'' उन्होंने कहा कि आपकी समस्याएं सीधी-सीधी महंगाई और बेरोजगारी है, जो सबसे बडी समस्याएं हैं।

# भाजपा का संकल्प पत्र विकसित भारत का संकल्प पत्र : भजनलाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने लोकसभा चुनाव के लिए जारी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के घोषणा पत्र (संकल्प पत्र) को ऐतिहासिक बताते हुए कहा है कि यह विकसित भारत का संकल्प पत्र हैं जो गरीब, किसान, युवा एवं महिलाओं को समर्पित हैं। शर्मा ने घोषणा पत्र पर अपनी प्रतिक्रिया में रविवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि भाजपा ने संकल्प पत्र जारी किया जो गरीब, किसान, युवा एवं महिला को सशक्त करने का संकल्प है। पिछले दस वर्ष में महिला गरीमा एवं इसके नये अवसरो को समर्पित किया गया है और महिला शक्ति की नई भागीदारी कैसे होगी यह इसके लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि



संकल्प पत्र में हैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी यानी पूरा होने की गांरटी। उन्होंने संकल्प पत्र को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह विकसित भारत एवं देश को आगे बढाने एवं उसे सुरक्षित करने का संकल्प हैं।

उन्होंने कहा कि आने वाले समय में गरीब कल्याण के तहत तीन करोड़ से ऊपर नये घर बनाने का काम किया जायेगा। उज्ज्वला योजना जारी रहेगी और इसके तहत पाइप लाइन से सस्ती दर पर गैस देने का काम भी होगा।

शर्मा ने कहा कि 80 करोड़ लोगों को जो खाद्यान मिल रहा है वह आगे भी पांच साल तक मिलता रहेगा। इसी तरह मुद्रा योजना के तहत जो दस लाख रुपए का लोन मिलता था उसे बढ़ाकर उसकी सीमा 20 लाख रुपए तक कर दी जायेगी। 70 वर्ष से ऊपर के बुजुर्ग लोगों को आयुष्मान योजना में शामिल कर उनका पांच लाख रुपए तक निशुल्क इलाज किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि इसी तरह राष्ट्रीय सहकारिता नीति लेकर आये हैं जिसके तहत डेयरी आदि की संख्या बढाई जायेगी। उन्होंने कहा कि जनता से जो वादे किए है उन्हें पूरा करने का काम किया जायेगा। उन्होंने कहा कि यह मोदी की गारंटी है और अभी बहुत कुछ करना है। उन्होंने संकल्प पत्र के लिए मोदी सहित पार्टी के शीर्ष नेताओं को बधाई दी है।

# छात्रावास की इमारत में आग लगने से आठ छात्र घायल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोटा। राजस्थान के कोटा में एक छात्रावास की इमारत में रविवार सुबह भीषण आग लगने से आठ छात्र घायल हो गए। प्रारंभिक जांच के अनुसार आग 'शॉर्ट सर्किट' के कारण लगी। पुलिस ने यह जानकारी दी। कोटा शहर की पुलिस अधीक्षक अमृता दुहन ने बताया कि यह घटना कुन्हाड़ी पुलिस थाने क्षेत्र में लैंडमार्क सिटी में सुबह करीब 6.15 बजे हुई। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच के अनुसार पांच मंजिला छात्रावास भवन के भूतल में लगे बिजली के ट्रांसफार्मर में 'शॉर्ट सर्किट' होने के कारण आग लगी। हालांकि फॉरेंसिक टीम घटना के सही कारण का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

कोटा नगर निगम के दमकल अधिकारी राकेश व्यास ने कहा कि छात्रावास की इमारत में आग से सुरक्षा करने वाले उपाय नही किए गए थे और इस बारे में उन्होंने संबंधित विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) नहीं लिया था। व्यास ने कहा कि इससे भी अधिक चिंताजनक बात यह है कि छात्रावास में ट्रांसफार्मर सीढ़ियों के पास भूतल पर छात्रावास भवन के अंदर लगा हुआ था। पुलिस ने कहा कि छह छात्र आग में झुलस गए हैं जिनका महाराव भीम सिंह (एमबीएस) अस्पताल में उपचार जारी है। उन्होंने बताया कि आग से बचने के लिए 14 अन्य लोगों के साथ इमारत की पहली मंजिल से कूदने के बाद एक छात्र के पैर में फ्रैक्चर हो गया, जिसका इलाज एक निजी अस्पताल में किया जा रहा है।

छात्रवास में रहने वाले राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट) के अभ्यर्थी भविष्य भी इस घटना में घायल हो गया। भविष्य ने बताया कि सुबह करीब 6.15 बजे तेज आवाज से उसकी नींद खुल गई और जब वह अपने कमरे से बाहर आया तो उसने हर तरफ घना धुआं देखा। उसने कहा कि छात्रों ने पहली मंजिल से कूदने का फैसला किया क्योंकि सीढ़ियां धुएं से भरी हुई थीं और इमारत से बाहर निकलने का कोई अन्य रास्ता नहीं था। पुलिस अधीक्षक दुहान ने कहा कि इमारत में 75 कमरे थे जिनमें से 61 में लोग रहते थे। उन्होंने बताया कि दमकल की गाड़ियां समय पर मौके पर पहुंच गईं और आग को ऊपर की मंजिलों तक फैलने से पहले ही बुझा दिया। कुन्हाड़ी पुलिस थाने के क्षेत्राधिकारी अरविंद भारद्वाज ने कहा सभी छात्रों को इमारत में लगी आग से बचा लिया गया है। उन्होंने कहा कि छात्रों के माता-पिता से संपर्क किया जा रहा है ताकि उन्हें आश्वस्त किया जा सके कि उनके बच्चे सुरक्षित हैं।

# मतदान समाप्ति से 48 घंटे पहले तक चुनावी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। चुनाव आयोग की ओर से लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिये मतदान समाप्ति से 48 घंटे पहले तक टेलीविजन या अन्य संचार माध्यमों से किसी भी चुनावी मामले का प्रदर्शन करने पर प्रतिबंध रहने के निर्देश जारी किए हैं। आयोग द्वारा इस संबंध में जारी विस्तृत दिशा निर्देश में कहा है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126(1)(बी) के अनुसार टेलीविजन, सिनेमैटोग्राफ या इसी तरह के अन्य संचार माध्यमों से किसी भी चुनावी मामले (विज्ञापन या प्रचार आदि) का प्रदर्शन करने पर प्रतिबंध रहेगा। यह प्रतिबंध किसी भी मतदान क्षेत्र में मतदान समाप्ति के 48 घंटे पहले तक की अवधि के लिए प्रभावी रहेगा। आयोग ने स्पष्ट किया है कि कोई भी व्यक्ति सिनेमैटोग्राफ, टेलीविजन या अन्य समान उपकरण के माध्यम से किसी भी चुनावी मामले को जनता के समक्ष प्रदर्शित नहीं करेगा। इन प्रावधानों का उल्लंघन करने पर दोषी व्यक्ति को दो साल तक की कैद या जुर्माना या दोनों से दंडित किया जा सकता है। आयोग के अनुसार चुनाव के परिणाम को प्रभावित करने या ऐसे इरादे या गणना करने जैसा कोई भी प्रयास चुनावी मामला माना जायेगा।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलिमा तक्षक ने बताया कि टीवी चैनलों में पैनल चर्चा.बहस और अन्य समाचार और समसामयिक कार्यक्रमों के प्रसारण में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 के प्रावधानों के उल्लंघन के आरोप लगते हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में आयोग ने स्पष्ट किया है कि टीवी.रेडियो चैनलों और केबल नेटवर्क को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि धारा 126 में उल्लेखित 48 घंटों की अवधि के दौरान उनके द्वारा प्रसारितध्प्रदर्शित कार्यक्रमों के कंटेंट में दृश्य सहित ऐसी कोई भी सामग्री शामिल नहीं है।

## प्रचार



जालौर-सिरोही लोकसभा क्षेत्र में रविवार को आहोर विधानसभा 'कार्यकर्ता सम्मेलन' को संबोधित कर भाजपा प्रत्याशी लुम्बाराम चौधरी के समर्थन प्रचार करती उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी।



## स्वागत

चित्तौड़गढ़ लोकसभा के मावली विधानसभा में रविवार को भाजपा प्रत्याशी सीपी जोशी का भाजपा कार्यकर्ता स्वागत करते हुए।

# झुंझुनूं में चुनाव को लेकर सीमा क्षेत्र में विशेष निगरानी

झुंझुनूं। लोकसभा चुनाव को लेकर राजस्थान के झुंझुनूं जिले में पुलिस बल के करीब 5200 अधिकारी एवं कर्मचारी तैनात किए गए हैं। जिला पुलिस अधीक्षक राजर्षी वर्मा ने रविवार को बताया कि चुनाव के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर विधानसभा में चार सुपरवाइजर अधिकारी जिसमें एक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा तीन डीवाईएसपी, इंस्पेक्टर लेवल के अधिकारी नियुक्त किए हैं। इसके अलावा 1956 पुलिस कार्मिक, तीन कंपनी आरएससी, नौ कंपनी सीएपीएफ, 1015 होमगार्ड तैनात होंगे।

उन्होंने बताया कि हर विधानसभा क्षेत्र के लिए 3 क्यूआरटी होगी, प्रत्येक क्यूआरटी में सीएपीएफ का जाप्ता होगा। संवेदनशील बूथों सहित 333 स्थानों पर हथियार बंद जाप्ता रहेगा। वही 169 पुलिस मोबाइल पार्टी एवं छह अंतरराज्यीय नाकों पर जाप्ता तैनात किए है। बॉर्डर इलाकों पर विशेष निगरानी रहेगी। हर कच्चे पक्के रिश्ते पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की है कि मतदान के दौरान कही कोई भी गड़बड़ी की आशंका हो तो पुलिस कंट्रोल रूम, वोट हेल्पलाइन 1950 व सी-वीजिल एप के जरिए शिकायत कर सकते हैं।

# शादीशुदा पुरुष के साथ प्रेम प्रसंग को लेकर महिला को अर्धनग्न कर घुमाया

जयपुर। राजस्थान के बाड़मेर जिले में एक विवाहित पुरुष के साथ प्रेम प्रसंग के आरोप में एक महिला को कथित तौर पर अर्धनग्न कर घुमाया गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। सरवाड़ी गांव में हुई घटना का एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। पुलिस के मुताबिक, शख्स की पत्नी और परिवार वालों को महिला के साथ उसके प्रेम प्रसंग के बारे में पता चल गया था। कथित वीडियो में महिला को अर्धनग्न कर घुमाया जा रहा है और एक महिला पीड़िता के बाल पकड़कर घसीट रही है। पीड़िता गुहार लगाती हुई सुनाई दे रही है। बाड़मेर के पुलिस अधीक्षक कुंदन कांवरिया ने बताया, इस संबंध में समदड़ी थाने में मामला दर्ज किया गया है। दो महिलाओं को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।



# मिश्र से 'घूमो जयपुर अभियान' के सदस्यों ने की मुलाकात

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र से बाबा साहेब आंबेडकर जयंती पर रविवार को यहां घूमो जयपुर अभियान के सदस्यों ने मेयर डा. सौम्या गुर्जर के साथ मुलाकात की। मिश्र से राजभवन में यह मुलाकात की और संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती की स्मृति में अभियान से जुड़े सदस्यों ने इससे पहले राजभवन स्थित संविधान उद्यान का भ्रमण भी किया। उन्होंने राज्यपाल की पहल पर बनाए गए संविधान उद्यान और संविधान संस्कृति से संबंधित वृतचित्र भी देखा।

मिश्र ने इस दौरान कहा कि संविधान निर्माता डा. आंबेडकर ने जो संविधान हमें सौंपा वह अधिकारों के साथ कर्तव्य पालन के संतुलन की सीख देता है। उन्होंने संविधान से जुड़ी संस्कृति की चर्चा करते हुए बाबा साहेब आंबेडकर द्वारा संविधान निर्माण के साथ कमजोर और पिछड़े वर्ग के कल्याण के लिए किए कार्यों का स्मरण करते हुए उनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

# मोदी, भजनलाल, गहलोत सहित कई नेताओं की दांव पर लगी है चुनावी साख

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में दो चरणों में आगामी 19 एवं 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं वसुंधरा राजे, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट, सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डा सी पी जोशी, चार केन्द्रीय मंत्रियों, कई पूर्व मंत्रियों, विधायक एवं पूर्व विधायकों सहित कई लोगों की चुनावी साख दांव पर लगी हैं।

इसी तरह राज्य में इस चुनाव में आधा दर्जन से अधिक सांसदों, इतने ही पूर्व सांसदों एवं प्रदेश के पूर्व मंत्रियों, करीब आधा दर्जन विधायक एवं पूर्व विधायकों, पैरालंपिक विजेता, पूर्व अधिकारी एवं उद्योगपति की भी चुनावी साख दांव पर है। चुनाव में भाजपा के 25, कांग्रेस के 23, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के 25, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी एवं मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) का एक-एक प्रत्याशी, अन्य कई राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों एवं निर्दलीयों सहित कुल 266 उम्मीदवार चुनाव मैदान में अपना चुनावी भाग्य आजमा रहे हैं। प्रथम चरण में 12 लोकसभा क्षेत्रों में 114 एवं दूसरे चरण में 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 152 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

इस बार चुनाव में भाजपा ने 400 पार का नारा दिया हैं और मोदी ने चुनाव की कमान संभाल रखी और राजस्थान में भी अब तक दौसा में रोड़ शो सहित अलग अलग स्थानों पर चुनावी सभाएं कर चुके हैं और भाजपा के प्रत्याशी मोदी की गारंटी पर चुनाव लड़ रहे हैं। इस कारण प्रदेश में इस चुनाव में मोदी की चुनावी साख दांव पर है। प्रदेश में भाजपा की सरकार हैं और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में ताबड़तोड़ चुनावी सभाए कर केन्द्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियां गिना रहे हैं। राज्य में तीसरी बार भी भाजपा की सभी सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं और इस कारण उनकी भी चुनावी साख दांव पर लगी हुई हैं। बिरला कोटा से भाजपा प्रत्याशी है और वह लगातार तीसरी बार लोकसभा चुनाव मैदान में है जहां उनका मुकाबला भाजपा छोड़कर कांग्रेस में आये प्रहलाद गुंजल से हैं। इस चुनाव में गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत इस बार जालोर संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे है इस कारण गहलोत भी अपनी चुनावी साख बचाने में लगे हैं। हालांकि गहलोत चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। वैभव गहलोत का



भाजपा के प्रत्याशी लुम्बाराम चौधरी से सीधा मुकाबला होने के आसार हैं।

इसी तरह श्रीमती वसुंधरा राजे हालांकि वह खुद चुनाव मैदान में नहीं हैं लेकिन उनके पुत्र दुष्यंत सिंह झालावाड़-बारां संसदीय क्षेत्र से चुनाव मैदान में हैं और वह लगातार चौथी बार संसद में जाने का प्रयास कर रहे है। उनका मुकाबला पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया की पत्नी एवं कांग्रेस उम्मीदवार उर्मिला जैन भाया से है। इस चुनाव में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सी पी जोशी चित्तौड़गढ़ से लगातार तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं और उनका मुकाबला पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस प्रत्याशी उदय लाल आंजना से है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डा सी पी जोशी ने भी भीलवाड़ा से कांग्रेस प्रत्याशी के रुप में चुनाव मैदान में ताल ठोक रखी है और उनका सीधा मुकाबला भाजपा के प्रत्याशी एवं उद्योगपति दामोदर अग्रवाल से होने की संभावना है। इसी प्रकार डोटासरा इस चुनाव में कहीं से उम्मीदवार नहीं हैं लेकिन प्रदेश में कांग्रेस की कमान उनके हाथों में होने से इस चुनाव में उनकी भी साख दावं पर लगी हुई हैं।

इस चुनाव में केन्द्रीय जल संसाधन मंत्री जोधपुर से फिर लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं और उनका मुकाबला कांग्रेस के करण सिंह उचियारड़ा से है। इसी तरह केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल भी बीकानेर से फिर चुनाव लड़ रहे है और उनका इस चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व मंत्री गोविंद राम मेघवाल से सीधा मुकाबला माना जा रहा है। केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी भी फिर से चुनाव मैदान में हैं और बाड़मेर संसदीय क्षेत्र में उनका मुकाबला रालोपा छोड़कर कांग्रेस में आये उम्मेदाराम बेनीवाल एवं निर्दलीय उम्मीदवार एवं विधायक रवीन्द्र सिंह भाटी से होने की संभावना है।

इसी तरह इस चुनाव में सांसद भागीरथ चौधरी का अजमेर संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी रामचन्द्र चौधरी, सांसद पी पी चौधरी का पाली में राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की दो बार अध्यक्ष रही एवं कांग्रेस प्रत्याशी संगीता बेनीवाल से, सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया का टोंक-सवाईमोधोपुर संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व सासंद एवं विधायक हरीश चन्द्र मीना से एवं इस चुनाव में चुरु संसदीय क्षेत्र में भाजपा से टिकट कटने के बाद पार्टी छोड़कर कांग्रेस में आकर प्रत्याशी बने सांसद राहुल कस्वां का पैरालंपिक विजेता देवेन्द्र झाझड़िया से सीधा मुकाबला माना जा रहा है। इसी प्रकार सीकर सांसद सुमेधानंद सरस्वती का सीकर संसदीय क्षेत्र में माकपा प्रत्याशी एवं पूर्व विधायक अमराराम चौधरी से सीधा मुकाबला होने के आसार है। कांग्रेस ने यह सीट गठबंधन के तहत माकपा के लिए छोड़ दी है। इस चुनाव में नागौर से पूर्व सांसद हनुमान बेनीवाल और ज्योति मिर्धा इस बार फिर चुनाव में आमने सामने हैं और रालोपा के संयोजक हनुमान बेनीवाल इंडिया गठबंधन के साथ जुड़कर रालोपा प्रत्याशी के रुप में चुनाव लड़ रहे है और कांग्रेस ने यहां भी गठबंधन के तहत अपनी सीट रालोपा के लिए छोड़ दी हैं।



## माल्यार्पण

जयपुर में रविवार को संविधान शिल्पी भारतरत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करते पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व अन्य।

# अंबेडकर ने भारत को लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ 'दुनिया का सिरमौर' बनाने का कार्य किया : योगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को 'भारत रत्न' बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर को नमन करते हुए कहा कि अम्बेडकर ने भारतीय संविधान के शिल्पी के रूप में भारत को लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ 'दुनिया का सिरमौर' बनाने का कार्य किया।

यहां डॉ. भीमराव अम्बेडकर महासभा परिसर में अम्बेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री योगी ने कहा, ''बड़े घर में जन्म लेकर बड़ा बनना एक उपलब्धि हो सकती है लेकिन एक सामान्य परिवार में जन्म लेकर सामाजिक विसंगतियों और कुरीतियों के खिलाफ लड़ते हुए समाज को एक नई प्रेरणा देना महानता की पराकाष्ठा को प्रदर्शित करता है।'' उन्होंने कहा, ''डॉ अम्बेडकर ने अपने संघर्षों, बुद्धिमत्ता व सूझबूझ से इस महानता को प्राप्त किया था। उन्होंने भारतीय संविधान के शिल्पी के रूप में भारत को लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ दुनिया का सिरमौर बनाने का कार्य किया।'' योगी ने कहा, ''उन्होंने न्याय, समता और स्वाधीनता की विषय वस्तु के साथ भारतवासियों के मन में नए उत्साह व उमंग का संचार किया।'' मुख्यमंत्री योगी ने बयान में कहा कि प्रदेशवासियों को अम्बेडकर की जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। उन्होंने कहा, ''आज पूरा देश बाबा साहब की पावन जयंती को बड़े उत्साह और उमंग के साथ मना रहा है।'' मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में बिना भेदभाव के शासन की योजना का लाभ ''सबका साथ-सबका विकास'' के भाव के साथ दिया जा रहा है।



उन्होंने कहा, ''बाबा साहेब के मूल्यों और आदर्शों को आत्मसात करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूरे देश में गरीब कल्याणकारी योजनाएं का संचालन कर रहे हैं। हर व्यक्ति को जीवन जीने के लिए बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति, जो बाबा साहेब की परिकल्पना थी, उसे मोदी सरकार व्यावहारिक धरातल पर उतारने का कार्य कर रही है।'' कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महापौर सुषमा खर्कवाल, योगी सरकार के मंत्री असीम अरुण, विधान परिषद सदस्य डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल, अंबेडकर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सरोज आदि मौजूद रहे।

## सपा ने 7 लोकसभा सीट पर उम्मीदवारों की घोषणा की

**लखनऊ/भाषा।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर समाजवादी पार्टी (सपा) ने उत्तर प्रदेश की सात लोकसभा सीट पर उम्मीदवारों की घोषणा की। पार्टी के प्रवक्ता ने रविवार को यह जानकारी दी। सपा के प्रवक्ता राजपाल कश्यप ने कहा कि पार्टी ने दो बार के लोकसभा सदस्य भीष्म शंकर 'कुशल' तिवारी को डुमरियागंज लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है। तिवारी बसपा की टिकट पर 2007 से 2009 तक खलीलाबाद से और 2009 से 2014 तक संत कबीर नगर से सांसद रहे हालांकि दिसंबर, 2021 में वह सपा में शामिल हुए थे। सपा प्रवक्ता ने कहा कि पार्टी ने मायावती के करीबी रहे बाबू सिंह कुशवाहा को जौनपुर लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया है। कुशवाहा की जन अधिकार पार्टी, 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भागीदारी परिवर्तन मोर्चा का हिस्सा थी हालांकि उनकी पार्टी को कोई सीट हासिल नहीं हुई थी।

सपा प्रवक्ता के मुताबिक, श्रावस्ती से मौजूदा बसपा सांसद राम शिरोमणि वर्मा इस बार सपा की टिकट पर चुनाव मैदान में हैं। वहीं सपा के पूर्व विधायक लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद को संत कबीर नगर से प्रत्याशी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि सलेमपुर निर्वाचन क्षेत्र से पूर्व बसपा लोकसभा सदस्य रमाशंकर राजभर सपा की टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं।

राजभर ने 2009 से 2014 तक सलेमपुर लोकसभा का प्रतिनिधित्व किया था। वहीं सपा ने अमरनाथ मौर्य को फूलपुर लोकसभा सीट से और प्रिया सरोज को मछलीशहर सीट से प्रत्याशी घोषित किया है।



## मौजूदा भाजपा नीत राजग के लिए सत्ता में लौटना आसान नहीं : मायावती

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**सहारनपुर/भाषा।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने रविवार को दावा किया कि मौजूदा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के लिए सत्ता में वापसी आसान नहीं होगी बशर्ते ये चुनाव निष्पक्ष हों।

सहारनपुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मायावती ने कहा, ''पिछले कुछ वर्षों से भाजपा और उसके सहयोगी केंद्र में और ज्यादातर राज्यों में सत्ता में हैं। इनकी जातिवादी, पूंजीवादी, संकीर्ण और द्वेषपूर्ण नीतियों और कार्यशैली एवं इनकी कथनी और करनी में अंतर के चलते इनके लिए केंद्र की सत्ता में लौटना आसान नहीं होगा, बशर्ते ये चुनाव निष्पक्ष हों।'' उन्होंने कहा, ''इन चुनावों में इनकी नाटकबाजी, जुमलेबाजी और गारंटी आदि काम नहीं करने जा रही है क्योंकि इस देश की जनता काफी हद तक यह समझ चुकी है कि लुभावने वादे और हवाहवाई गारंटी के उलट जमीनी स्तर पर एक चौथाई वादे भी पूरे नहीं किए गए।'' बसपा प्रमुख ने कहा, ''ऐसा लगता है कि कांग्रेस की तरह भाजपा सरकार में ज्यादातर जांच एजेंसियों का राजनीतिकरण किया गया है।'' मायावती ने कहा कि बसपा किसी भी पार्टी से गठबंधन के बजाय अपने दम पर चुनाव लड़ रही है। उनकी पार्टी ने जहां तक टिकट वितरण का संबंध है, समाज के सभी तबकों को उचित भागीदारी दी है। चुनाव कार्यक्रम के मुताबिक, उत्तर प्रदेश के आठ संसदीय क्षेत्रों सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना (आरक्षित), मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत में प्रथम चरण के अंतर्गत 19 अप्रैल को मतदान होगा। मतगणना चार जून को होगी। इससे पहले दिन में भाजपा पर परोक्ष हमला बोलते हुए मायावती ने कहा कि सत्तारूढ़ दल ने बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर को दिखावटी सम्मान दिया। यहां जारी एक बयान में मायावती ने किसी दल का नाम लिए बिना कहा, ''संकीर्ण चुनावी स्वार्थ के लिए बाबा साहेब का जितना दिखावटी सम्मान, उतना ही ज्यादा उनके अनुयायियों की उपेक्षा और तिरस्कार, जातिवादी पार्टियों और उनकी सरकारों की मुंह में राम, बगल में छूरी की कहावत को चरितार्थ करता है।



## रामनवमी पर 1,11,111 किलोग्राम लड्डू का प्रसाद अयोध्या भेजा जाएगा


**मिर्जापुर/भाषा।** रामनवमी के अवसर पर 17 अप्रैल को भोग और वितरण के लिए प्रसाद के तौर पर 1,11,111 किलोग्राम लड्डु अयोध्या स्थित राम लला मंदिर भेजे जाएंगे। एक पदाधिकारी ने यह जानकारी दी। देवरहा हंस बाबा ट्रस्ट के न्यासी अतुल कुमार सक्सेना ने बताया कि देवरहा हंस बाबा हर सप्ताह विभिन्न मंदिरों को प्रसाद भेजते हैं और प्रसाद के न्यूनतम पांच हजार पैकेट विभिन्न मंदिरों को भेजे जाते हैं, चाहे वह काशी विश्वनाथ मंदिर हो या तिरुपति बालाजी मंदिर। सक्सेना ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के दिन देवरहा हंस बाबा आश्रम ने 1,111 मन लड्डू (एक मन 40 किलोग्राम के बराबर) भोग के लिए भेजे थे।

## पूरी दुनिया कह रही, तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बनने जा रहे मोदी : राजनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**जमुई/भाषा।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को दावा किया कि पूरी दुनिया बोल रही है कि नरेन्द्र मोदी तीसरी बार भी भारत के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व अध्यक्ष ने बिहार के जमुई जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को विदेशों में होने वाले कार्यक्रमों के लिए निमंत्रण मिल रहे हैं, जो इस बात का पुख्ता सबूत है कि दुनिया मानती है कि सत्ता में उनकी वापसी अपरिहार्य है।

रक्षा मंत्री ने जोर देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत एक ऐसी शक्ति बन गया है, जो सीमा पार आतंकवाद का मुकाबला करने में सक्षम है, जैसा कि सर्जिकल स्ट्राइक के दौरान देखा गया था। सिंह ने कहा, भारत के वैश्विक कद में वृद्धि का एक और उदाहरण सेवानिवृत्त नौसेना अधिकारियों (कतर की एक अदालत ने



मौत की सजा सुनाई थी) की मोदी द्वारा उक्त पश्चिम एशियाई देश के प्रमुख को एक टेलीफोन कॉल के बाद की रिहाई है। दिल्ली में प्रधानमंत्री की उपस्थिति में भाजपा का 'संकल्प पत्र' जारी होने के कुछ घंटों बाद यहां अपने संबोधन में भाजपा के घोषणापत्र समिति के प्रमुख सिंह ने कहा, अन्य पार्टियों के विपरीत हम जो वादे करते हैं, उन्हें पूरा करते हैं।

चाहे वह अयोध्या में राम मंदिर हो या अनुच्छेद 370 को निरस्त करना हो। तीन तलाक के खिलाफ कानून का जिक्र करते हुए सिंह ने कहा, हमने कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की आलोचनाओं की परवाह किए बिना इस अमानवीय प्रथा जिससे हमारी मुस्लिम माताओं और बहनों को अनकहा दुख झेलना पड़ता था, पर रोक लगा दी। हालांकि सिंह ने राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद को पुराना मित्र' बताते हुए उनकी बेटी मीसा भारती के हालिया विवादास्पद बयान पर नाराजगी व्यक्त की।

सिंह ने कहा, ''लालू जी के परिवार के सदस्यों का कहना है कि अगर भारतीय जनता पार्टी सत्ता से बाहर हो गई तो नरेन्द्र मोदी को जेल भेज दिया जाएगा। मुझे उनकी इस सोच पर दया आती है क्योंकि भाजपा चुनाव जीतने जा रही है।''

वहीं भारती ने अपने बयान को मीडिया द्वारा तोड़-मरोड़कर पेश किये जाने का आरोप लगाते हुए कहा था कि वह चुनावी बॉण्ड पर उच्चतम न्यायालय के फैसले के बारे में बोल रही थीं। तेजस्वी यादव का नाम लिए बिना भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ने 'नवरात्रि के दौरान मछली खाने' का उल्लेख करते हुए कहा, आप मछली, सूअर या हाथी खा सकते हैं लेकिन ऐसे समय में जब लोग व्रत कर रहे हों तब आप अपने कृत्य का दिखावा करके क्या साबित करने की कोशिश कर रहे हैं।''

## कंगना प्रदेश भाजपा नेतृत्व के लिए खतरा : विक्रमादित्य सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**शिमला/भाषा।** हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री और मंडी लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह ने रविवार को कहा कि अभिनेत्री कंगना रनौत के राज्य की राजनीति में प्रवेश ने प्रदेश के भाजपा नेताओं की भविष्य की संभावनाओं को खतरे में डाल दिया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कंगना को मंडी संसदीय सीट से अपना उम्मीदवार बनाया है। यह पहली बार है कि कोई चर्चित चेहरा हिमाचल प्रदेश से चुनाव लड़ रहा है।

बुशहर की पूर्ववर्ती रियासत के 'राजा' विक्रमादित्य सिंह, छह बार के मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के पुत्र हैं। विक्रमादित्य की मां प्रतिभा सिंह मंडी से मौजूदा सांसद और कांग्रेस की प्रदेश इकाई की अध्यक्ष हैं। विक्रमादित्य शिमला (ग्रामीण) विधानसभा क्षेत्र से दो बार के विधायक हैं। विक्रमादित्य ने कहा कि कंगना का बृहस्पतिवार को मनाली में दिया गया भाषण भाजपा प्रदेश नेतृत्व की हमीरपुर रैली पर भारी पड़ गया, जहां से पार्टी ने अपना चुनाव अभियान शुरू किया। उन्होंने कहा, राज्य के भाजपा नेताओं को कंगना से खतरा महसूस हो रहा है, जिन्होंने अपने विवादास्पद बयान से भाजपा नेताओं को पीछे छोड़ना शुरू कर दिया है।'' कंगना ने अपनी रैली में वंशवादी और परिवार-केंद्रित'' बॉलीवुड पर कटाक्ष किया था। उन्होंने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे सहित कुछ राजनीतिक परिवारों पर भी तीखा हमला करते हुए कांग्रेस नेताओं राहुल गांधी और विक्रमादित्य सिंह को बड़ा पप्पू और छोटा पप्पू'' करार दिया। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि अभिनेत्री अपनी विवादास्पद टिप्पणियों से पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से ध्यान हटाकर सुर्खियां बटोर सकती हैं, लेकिन अंततः आपको काम और लोगों की सेवा से ही समर्थन मिलता है ना कि चर्चित हस्ती के टैग से। सिंह ने कहा, विकास के मामले में मैंने हमेशा राजनीतिक विचारधारा से ऊपर उठकर काम किया है और लोक निर्माण मंत्री के रूप में मैं अपने विभाग के लिए केंद्र से 3,000 करोड़ रुपये हासिल करने में सफल रहा। मैं राज्य के विकास के लिए काम करना जारी रखूंगा। मंत्री ने कहा, 'मेरा सफल ट्रैक रिकॉर्ड रहा है और आने वाले समय में इस मॉडल को दोहराऊंगा, लेकिन कंगना को जवाब देना होगा कि जब राज्य में सबसे भीषण मानसून आपदा आई थी, तब वह कहां थीं? मंडी के कल्याण में उनका क्या योगदान रहा है और सेलिब्रिटी के रूप में वह निर्वाचन क्षेत्र के साथ कैसे न्याय करेंगी?'

विक्रमादित्य सिंह और कंगना दोनों एक-दूसरे पर उपनाम से कटाक्ष कर रहे हैं। सिंह ने कंगना को विवाद की रानी'' कहा, वहीं कंगना ने उन्हें छोटा पप्पू'' कहा, जो अपनी 'वंशवादी विरासत' का सहारा ले रहे हैं। राज्य में एक जून को मतदान होगा।

## झारखंड में चंपई सोरेन 'कठपुतली' मुख्यमंत्री, कल्पना सोरेन 'सत्ता की केंद्र' : अमर बाउरी

**जमशेदपुर/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)के वरिष्ठ नेता अमर कुमार बाउरी ने रविवार को आरोप लगाया कि चंपई सोरेन कार्यवाहक और 'कठपुतली मुख्यमंत्री' हैं जबकि झारखंड की 'सत्ता का केंद्र' पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन के पास है। झारखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष बाउरी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए जानना चाहा कि कल्पना सोरेन सरकार या सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) में नहीं होने के बावजूद किस क्षमता से बैठकों की अध्यक्षता कर रही हैं।

बाउरी ने सवाल किया, ''मैं चंपई सोरेन से पूछना चाहता हूं कि मुख्यमंत्री होने के बावजूद वह इतने असहाय क्यों हैं? लोकसभा चुनाव के दौरान भी झामुमो उन्हें कोई महत्व क्यों नहीं दे रही है। कल्पना सोरेन के पास सरकार या झामुमो में कोई पद नहीं है। फिर, वह किस हैसियत से सभी बैठकों की अध्यक्षता कर रही है?'' बाउरी ने कहा कि कल्पना सोरेन का राजनीति में प्रवेश, वंशवाद की राजनीति का सबसे अच्छा उदाहरण है। उन्होंने आरोप लगाया कि वह झारखंड में 'सत्ता का केंद्र' बन गई हैं। उन्होंने कल्पना सोरेन की तुलना कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी से की, जो मनमोहन सिंह सरकार के दौरान सत्ता का केंद्र बनकर उभरी थीं।

मुख्यमंत्री ने दावा किया है कि 'इंडि' गठबंधन राज्य की सभी 14 लोकसभा सीट पर जीत दर्ज करेगा। इस बारे में विधायक और राज्य भाजपा के अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बाउरी ने कहा कि चंपई सोरेन 'दिवास्वप्न' देख रहे हैं।

## किसी को केवल बुढ़ापे, खराब स्वास्थ्य के कारण आजीविका के अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता : अदालत

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि किसी व्यक्ति को केवल बुढ़ापे और खराब स्वास्थ्य के आधार पर आजीविका और सम्मान के साथ जीने के अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता है। इसके साथ ही अदालत ने एक संपत्ति में रह रहे किरायेदार को बेदखल करने का आदेश बरकरार रखा। मकान मालिक ने अपना व्यवसाय चलाने के लिए किरायेदार को बेदखल करने का अनुरोध किया था। उच्च न्यायालय ने संबंधित मामले की सुनवाई करते हुए किरायेदार की इस दलील को खारिज कर दिया कि मकान मालिक की वृद्धावस्था और स्वास्थ्य को देखते हुए, यह विश्वास करने योग्य नहीं है कि वह उस परिसर से कोई व्यवसाय करेगा, जिसे खाली करने की मांग की गई थी। अदालत ने अतिरिक्त किराया नियंत्रक (एआरसी) के उस आदेश को चुनौती देने वाली किरायेदार की याचिका खारिज कर दी, जिसमें बेदखली का आदेश पारित किया था।

न्यायमूर्ति गिरीश कथपालिया ने एआरसी के आदेश को बरकरार रखते हुए फैसला दिया, मकान मालिक द्वारा निर्धारित आवश्यकता की प्रामाणिकता को ऐसे संदेह के अनुमानित तर्कों से खारिज नहीं किया जा सकता। केवल इसलिए कि मकान मालिक बुजुर्ग है और उसका स्वास्थ्य खराब है, यह नहीं माना जा सकता कि उसे अपना व्यवसाय चलाने के लिए किराये के कब्जे वाले परिसर की आवश्यकता नहीं है या आजीविका कमाने में सक्षम नहीं है। अदालत ने कहा कि रिकॉर्ड में ऐसा कुछ भी नहीं है जिससे यह पता चले कि मकान मालिक बिस्तर पर था या स्वतंत्र व्यवसाय में लगा उसका बेटा उसकी आर्थिक देखभाल कर रहा था। पीठ ने कहा, केवल बुजुर्गावस्था और खराब स्वास्थ्य के कारण, किसी व्यक्ति को आजीविका के अधिकार और उसके परिणामस्वरूप सम्मान के साथ जीने के अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता है। पहाड़गंज इलाके में एक दुकान का मालिक होने का दावा करने वाले मकान मालिक ने अधीनस्थ अदालत में याचिका दायर कर किरायेदार को इस आधार पर बेदखल करने की मांग की थी कि अब उसे अपना व्यवसाय चलाने के लिए परिसर की आवश्यकता है।

## भाजपा का 'संकल्प पत्र' झूठ का रिकॉर्ड तोड़ने वाले जुमलों का दस्तावेज : अखिलेश यादव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ/भाषा।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 'संकल्प पत्र' (चुनावी घोषणा पत्र) पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा का घोषणापत्र ब्रह्मांड में झूठ का रिकॉर्ड तोड़ने वाले जुमलों का दस्तावेज भर है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा का घोषणापत्र जारी किया, जिसमें लोकलुभावन उपायों और संशोधित नागरिकता कानून (एनआरसी) जैसे विवादास्पद मुद्दों से परहेज करते हुए विकास और कल्याण को प्राथमिकता दी गई है। 'मोदी की गारंटी' शीर्षक से जारी घोषणापत्र काफी हद तक समाज के विभिन्न वर्गों को लक्षित सरकार की मौजूदा कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित है साथ ही इसमें 'एक-राष्ट्र-एक-चुनाव' और एनआरसी को लागू करने की प्रतिबद्धता को दोहराया गया है। भाजपा का संकल्प पत्र जारी होने के बाद सपा प्रमुख यादव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''जनता ने जब अपने सुनहरे भविष्य को विकल्प के रूप में



**यादव ने कहा कि जनता ने जब अपने सुनहरे भविष्य को विकल्प चुनते हुए विपक्षी गठबंधन 'इंडि' को जिताने व भाजपा को हराने का संकल्प ले ही लिया है तो ऐसे में किसी काम का नहीं रहा भारतीय जनता पार्टी का 'संकल्प पत्र'**

चुनते हुए विपक्षी गठबंधन 'इंडि' को जिताने व भाजपा को हराने का संकल्प ले ही लिया है तो ऐसे में भाजपा का 'संकल्प पत्र' किसी काम का नहीं रहा।

यादव ने कहा ''झूठ और जुमले जिनकी पहचान बन गये हों तो जनता न उनके संकल्प-पत्र पर विश्वास करेगी और न भविष्य की गारंटी पर।'' उन्होंने कहा, ''जिन्होंने अपने वादे पिछले दस वर्षों के राज में पूरे नहीं किये वो भला भविष्य की गारंटी देने की बात कैसे कह सकते हैं।'' पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ''भाजपा में हिम्मत है तो 2014 और 2019 का अपना घोषणापत्र निकालकर हिसाब दे कि उन्होंने अपना कौन सा वादा पूरा किया। भाजपा का संकल्प-पत्र ब्रह्मांड में झूठ का रिकॉर्ड तोड़ने वाले जुमलों का दस्तावेज भर हैं।''

# बंगाल में भाजपा के सत्ता में आने पर टाटा को वापस सिंगूर लाएंगे : लॉकेट चटर्जी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल की हुगली लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहीं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद लॉकेट चटर्जी ने कहा है कि राज्य की सत्ता में आने पर उनकी पार्टी सिंगूर में टाटा को वापस लाएगी। लॉकेट ने कहा, हम 2024 के लोकसभा चुनाव में जीत के प्रति आश्वस्त हैं। हम 2019 की 18 सीट से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों में जीत हासिल करने का अनुमान लगा रहे हैं।



उन्होंने कहा, ''हमारे व्यापक रूप से चुनाव जीतने पर, राज्य में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस सरकार गिर जाएगी। भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद हमारा पहला काम टाटा को सिंगूर में आमंत्रित करना होगा, जो हुगली निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आता है।'' अभिनेत्री से राजनीतिक नेता बनी चटर्जी तृणमूल कांग्रेस के सदस्य के तौर पर राजनीति में आई थीं और 2015 में भाजपा में शामिल हो गईं। उन्होंने कहा, जब भी मैं सिंगूर जाती हूं, लोग मुझसे नौकरी दिलाने में मदद करने का आग्रह करते हैं। ममता बनर्जी ने सिंगूर को रोजगार और आर्थिक गतिविधियों का कब्रिस्तान बना दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सिंगूर आंदोलन के नाम पर किसानों और उद्योगों, दोनों के साथ विश्वासघात किया। सिंगूर, कभी बहुफसली खेती के लिए जाना जाता था। यह उस समय चर्चा में रहा था, जब टाटा मोटर्स ने 2006 में अपनी सबसे सस्ती 'कार नैनो' की विनिर्माण इकाई स्थापित करने के लिए इस क्षेत्र को चुना था। तत्कालीन वाम मोर्चा सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग-2 से लगी 997.11 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया और कंपनी को सौंप दिया। तत्कालीन विपक्षी नेता और तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने अग्रिम मोर्चे पर नेतृत्व करते हुए, संभवतः जबरन अधिग्रहित की गई 347 एकड़ भूमि वापस करने की मांग की थी। तृणमूल कांगेस और तत्कालीन वाम मोर्चा सरकार के बीच हुई कई बैठकों के बावजूद कोई समाधान नहीं निकल सका और आखिरकार टाटा ने सिंगूर से निकलकर गुजरात में 'नैनो' संयंत्र स्थापित किया।

## संजय सिंह ने खरगे से की मुलाकात, 'इंडि' गठबंधन का न्यूनतम साझा कार्यक्रम पेश करने पर दिया जोर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह ने रविवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से उनके आवास पर जाकर मुलाकात की। उन्होंने इस दौरान लोकसभा चुनाव के लिये 'इंडि' गठबंधन का न्यूनतम साझा कार्यक्रम पेश करने पर जोर दिया।

सिंह ने कहा कि उन्होंने जेल से रिहा होने के बाद खरगे से समर्थन मांगा और कांग्रेस अध्यक्ष को यह भी बताया कि जेल में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के साथ कैसा व्यवहार किया जा रहा है। दिल्ली में कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तारी के बाद केजरीवाल तिहाड़ जेल में बंद हैं। आप के राज्यसभा सदस्य ने कहा कि संसद के उच्च सदन में विपक्ष के नेता के रूप में, खरगे हमारा समर्थन करते रहे हैं और इसलिए मैं जेल से रिहा होने के बाद उनसे मिलना चाहता था। उन्होंने कहा, ''बैठक के दौरान कई मुद्दों पर चर्चा हुई। हमने (भाजपा के नेतृत्व वाली) सरकार द्वारा केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग करने और जिस तरह से विपक्षी नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है, उस पर चर्चा की।'' सिंह ने संवाददाताओं से कहा, ''मैंने उन्हें यह भी बताया कि जेल में केजरीवाल के साथ कैसा व्यवहार किया जा रहा है और उनके अधिकार कैसे छीने जा रहे हैं। मैंने उनके सामने एक प्रस्ताव रखा कि 'इंडि' गठबंधन का चुनाव में जनता के समक्ष रखने के लिए एक न्यूनतम साझा कार्यक्रम होना चाहिए।'' संजय सिंह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर खरगे से मुलाकात की तस्वीर साझा करते हुए एक पोस्ट में कहा, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय मल्लिकार्जुन खरगे जी से उनके आवास पर मुलाकात हुई। 'इंडि' गठबंधन का संयुक्त घोषणा पत्र जारी करने, जांच एजेंसियों के दुरुपयोग, अरविंद केजरीवाल जी के साथ किए जा रहे अमानवीय व्यवहार, देश में लोकतंत्र व संविधान के लिए पैदा हुए संकट पर विस्तृत चर्चा हुई। जीतेगा इंडि'!'

## सुविचार

**ज़िंदगी में इंसान किसी चीज की सच्ची कीमत, केवल दो ही हालातों में समझ पाता है, उसको पाने से पहले और उसको खोने के बाद।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# वक्त की जरूरत

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोकसभा चुनाव के लिए जो 'संकल्प-पत्र' जारी किया है, वह लोगों में आशाएं तो जगाएगा ही, आलोचक भी उसका सख्ती से मूल्यांकन करेंगे। केंद्र में सत्तारूढ़ दल के चुनाव घोषणा-पत्र के संबंध में लोगों और आलोचकों का यह रुख स्वाभाविक है। इस चुनाव में जनता-जनार्दन किसे विजयश्री का वरदान देकर लोकसभा भेजेगी, यह तो 4 जून को पता चलेगा, लेकिन इतना तय है कि भाजपा के 'संकल्प-पत्र' को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच खूब शब्दबाण चलेंगे। बल्कि ये चलने शुरू हो गए हैं। इस समय भाजपा के पास 80 करोड़ से ज्यादा लोगों को पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत साल 2020 से लगातार मुफ्त राशन देने, 50 करोड़ से ज्यादा लोगों को पीएम-जनधन खातों के जरिए बैंकिंग प्रणाली से जोड़कर अर्थतंत्र की मुख्यधारा में शामिल करने, 34 लाख करोड़ रुपए डीबीटी के माध्यम से सीधे लाभार्थी परिवारों के बैंक खातों में भेजने, 34 करोड़ से ज्यादा लोगों को आयुष्मान भारत के अंतर्गत 5 लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की गारंटी देने, 4 करोड़ से ज्यादा परिवारों को पीएम आवास एवं अन्य योजनाओं के जरिए पक्के मकान देकर उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने, 14 करोड़ से ज्यादा परिवारों को जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल से जल सुलभ कराने और 25 करोड़ से ज्यादा लोगों को गरीबी से बाहर निकालने जैसी 'उपलब्धियां' हैं, जिनका आम लोगों को काफी लाभ मिला है, लेकिन युवाओं में बेरोजगारी आज भी एक बड़ी समस्या बनी हुई है। विपक्षी दल, खासतौर से कांग्रेस इसी मुद्दे को उठाकर भाजपा पर हमला बोल रही है। गरीबी उन्मूलन के लिए केवल कल्याणकारी योजनाएं चलाना पर्याप्त नहीं है। जब तक पर्याप्त संख्या में रोजगार के अवसरों का सृजन नहीं किया जाएगा, हालात नहीं बदलेंगे। बेरोजगारी और गरीबी का चक्र कालांतर में कई समस्याएं भी पैदा करता है।

राजनीतिक दल किन तरीकों से बेरोजगारी दूर करेंगे? बेहतर होगा कि वे अपनी जनसभाओं और प्रेसवार्ताओं में यह भी जनता को बताएं। कोरे भाषण देने और एक-दूसरे को आड़े हाथों लेने से बेरोजगारों का भला नहीं होगा। इस चुनाव में कुछ दल और उनके नेतागण बेरोजगारी दूर करने का सीधा-सा फॉर्मूला यह बता रहे हैं कि वे बड़ी तादाद में सरकारी नौकरियां दे देंगे! यह बात सुनने में तो बहुत भली लगती है कि लाखों-करोड़ों लोगों को सरकारी सेवा में ले लिया जाए। एक झटके में बेरोजगारी और गरीबी खत्म! लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या ऐसा फॉर्मूला धरातल पर लागू किया जा सकता है? क्या देश के पास इतना बजट है, जिससे ये वादे पूरे किए जा सकें? आज जिस तरह तकनीक का प्रभाव बढ़ता जा रहा है, उससे रोजगार का परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। निस्संदेह देश का राज-काज चलाने के लिए सरकारी कर्मचारियों की जरूरत होती है, लेकिन बेरोजगारी दूर करने के लिए सरकारी नौकरियों पर ही जोर देना इस समस्या का ठोस समाधान प्रस्तुत नहीं कर सकता। दुनिया में सर्वाधिक संपन्न देश भी अपने सभी युवाओं को सरकारी नौकरी नहीं दे सकते। अगर बेरोजगारी दूर करनी है तो निजी क्षेत्र को बढ़ावा देना बहुत जरूरी है। बच्चों को केवल किताबी ज्ञान न दिया जाए। उन्हें 'अच्छा व ईमानदार नागरिक बनने' और 'रोजगार संबंधी कौशल सीखने' के लिए प्रोत्साहित किया जाए। आज स्थिति यह है कि विद्यार्थियों को स्कूल और कॉलेज की पढ़ाई पूरी करने के बाद प्रतियोगी परीक्षाएं उत्तीर्ण करने के लिए अलग से तैयारी करनी पड़ती है। वहां एक-एक पद के लिए सैकड़ों उम्मीदवार मुकाबला कर रहे होते हैं। इससे कितने लोगों को रोजगार मिलेगा? इस व्यवस्था में सुधार होना चाहिए। हर युवा को रोजगार मिले, इसके लिए निजी क्षेत्र की शक्ति व सामर्थ्य का सदुपयोग किया जाए। निस्संदेह देश के लिए सैनिक, किसान, शिक्षक, चिकित्सक आदि बहुत जरूरी हैं। इसी तरह व्यवसायी का होना भी बहुत जरूरी है। वह एक ओर तो रोजगार के अवसरों का सृजन करता है। दूसरी ओर देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत भी करता है। युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करना वक्त की ज़रूरत है। राजनीतिक दलों को इस मुद्दे पर बात करनी चाहिए।

## ट्वीटर टॉक



भाजपा ने संकल्प लिया है कि 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा। 70 साल से ऊपर का हर बुजुर्ग, चाहे वो गरीब हो, मध्यम वर्ग का हो या फिर उच्च-मध्यम वर्ग से ही क्यों न हो।

**-नरेन्द्र मोदी**



मुझे इस बात का हर्ष और संतोष है कि मोदी जी के नेतृत्व में हमने देशवासियों से किया गया हर वादा पूरा किया है। चाहे 2014 का संकल्प पत्र हो या 2019 का घोषणा पत्र हो, मोदी जी के नेतृत्व में हमने अपने हर संकल्प को पूरा किया है।

**-राजनाथसिंह**



2014 में, जब प्रधानमंत्री मोदी जी संसदीय दल के नेता चुने गए थे, तब उन्होंने कहा था, 'हमारी सरकार गरीब, गांव, और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को समर्पित है'। पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में देश ने इन सारे आयामों को आगे बढ़ाने का काम किया है।

**-जेपी नड्डा**

## प्रेरक प्रसंग


# चोरी का प्रायश्चित

शंख और लिखित दोनों भाई ऋषि थे। शंख बड़े थे। एक बार लिखित भाई से मिलने उनके आश्रम में गए। तब, शंख कहीं बाहर गए हुए थे। लिखित पेड़ पर एक पका हुआ फल देख उसे तोड़कर खाने लगे। तभी शंख आ गए। शंख ने कहा, 'यह फल तुमने कहां से लिया?' लिखित बोला, 'इसी वृक्ष से।' 'यह पेड़ तो मेरा है, मुझसे बिना पूछे तुमने यह फल क्यों लिया? तुमने चोरी की है, तुम चोर हो।' 'तब आप मुझे दंड दीजिए।' लिखित ने कहा। 'दंड राजा से जाकर मांगो।' शंख बोला। लिखित राजा सुधनवा के पास पहुंचा। ऋषि को आया देख राजा सिंहासन छोड़, उनका स्वागत करने द्वार तक आए और हाथ जोड़कर बोले, 'आइये महात्मन, अहो भाग्य। आज्ञा कीजिए।' लिखित ने कहा, 'राजन, मैंने चोरी की है, मुझे दंड दीजिए।' राजा ने पूछा तो लिखित में सारा हाल कह सुनाया। यह सुन राजा बोला, 'ऋषिवर, जैसे मुझे दंड देने का अधिकार है, वैसे ही अभियोग सुनकर क्षमा करने का भी हक है। मैंने आपको माफ किया।' राजा का उत्तर सुन लिखित ने कहा, 'राजन, आप क्षमा के अधिकारी नहीं, आप मर्यादा और नीति-न्याय के विपरीत काम करेंगे तो धर्म-नाश होगा तथा प्रजा-पालन में बाधा आएगी।

## सामयिक

# क्यों घटती जा रही तादाद लोकसभा में निर्दलीय उम्मीदवारों की?

**आर.के.सिन्हा**



बुजुर्ग हिन्दुस्तानियों को याद होगा ही कि एक दौर में वी.के.कृष्ण मेनन, आचार्य कृपलानी, एसएम बैनर्जी, मीनू मसानी, लक्ष्मीमल सिंघवी, इंद्रजीत सिंह नामधारी, करणी सिंह, जीजी स्वैल जैसे बहुत सारे नेता आजाद उम्मीदवार होते हुए भी लोकसभा का कठिन चुनाव जीत जाते थे। पर अब इन आजाद उम्मीदवारों का आंकड़ा लगातार सिकुड़ता ही चला जा रहा है। अगर 1952 के पहले लोकसभा चुनावों के नतीजों को देखें तो हमें इन विजयी आजाद उम्मीदवारों की संख्या 36 मिलेगी। तब इनका समूह कांग्रेस के बाद दूसरा सबसे बड़ा था। यानि किसी भी गैर-कांग्रेसी दल से बड़ा था। निवर्तमान लोकसभा में निर्दलीय उम्मीदवारों की संख्या सिर्फ तीन रह गई थी। अभी तक मात्र 202 निर्दलीय उम्मीदवार लोकसभा में पहुंचे हैं।

बेशक, लोकसभा का चुनाव अपन बलबूते पर लड़ना कोई बच्चों का खेल नहीं होता। लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए बहुत सारे संसाधनों की दरकरार रहती है। इसके बावजूद भी अगर कोई निर्दलीय उम्मीदवार चुनाव जीत जाता है, तो इतना तो माना ही जा सकता है कि उसकाआम जनता में गहरा प्रभाव है। पहले लोकसभा चुनावों के बाद 1967 के लोकसभा चुनावों में 34 आजाद उम्मीदवार लोकसभा में पहुंचे थे। देश में इमरजेंसी लगने के बाद 1977 में चुनाव हुआ। तब सिर्फ सात आजाद उम्मीदवार सफल रहे। यह संख्या 1980 में मात्र चार रह गई। 1984 और 1989 के लोकसभा चुनावों में क्रमश: 9 और 8 आजाद उम्मीदवार ही निर्दलीय रूप से लोकसभा चुनाव जीतने में कामयाब रहे। कह सकते हैं कि हरेक लोकसभा चुनावों में निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ने वाले कुछ न कुछ विजयी रहे हैं। बेशक, ये सभी अपने-अपने क्षेत्रों में जनता के बीच जुझारू प्रतिबद्धता के साथ कुछ काम तो करते होंगे। वर्ना ये सब लोकसभा में कभी नहीं पहुंच पाते। खासतौर पर तब जबकि चुनावों में धन का इस्तेमाल तो बढ़ता ही जा रहा है। निश्चित रूप से लोकसभा का चुनाव जीतने वाले निर्दलीय उम्मीदवार अपने आप में बहुत बुलंद शख्सियत के मालिक होते हैं। इनमें से कुछ मनीषी भी रहे हैं।

कृपलानी जी 1947 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष थे। वे गांधी जी के सबसे उत्साही और विश्वासपात्र शिष्यों में से एक थे। उन्होंने लगभग एक दशक तक कांग्रेस के महासचिव के रूप में भी कार्य किया था। लक्ष्मीमल सिंघवी जैसे सरस्वती पुत्र भी सदियों में पैदा होते हैं। वे ख्यातिलब्ध न्यायविद, संविधान विशेषज्ञ, कवि, भाषाविद एवं लेखक थे। वे धर्मयुग में विधि संबंधी मामलों में खूब लिखते थे। जब मैं धर्मयुग में आवरण कथाएं लिखा करता था। उनका जन्म जोधपुर में हुआ था। वे 1952 से 1967 तक तीसरी लोक सभा के सदस्य रहे। चाहे सांसद रहे हों या किसी और संस्था से जुड़ गए हों, लेकिन उन्होंने वेतन के रूप में हमेशा एक रुपया ही लिया था। आप कानपुर में जाकर अब भी एस.एम. बैनर्जी के बारे में पूछ लें । आपको लोग उनके तमाम किस्से सुनाएँगे। वे एक विख्यात मजदूर नेता थे। वे पश्चिम बंगाल से कानपुर में नौकरी करने के लिए आए थे। कानपुर को उन्होंने अपनी कर्मभूमि बना लिया था। कोलकाता से आये मजदूर नेता एस.एम. बैनर्जी ने 1957 में निर्दलीय चुनाव लड़कर जीत हासिल की तो 1962, 1967 और 1971 तक जीत का सेहरा वही पहनते रहे। शायद कानपुर अकेला शहर होगा, जहां चार बार लगातार कोई निर्दलीय सांसद चुना गया हो।

आपको विजयी हुए निर्दलीय उम्मीदवारों में इस तरह के कई नाम मिल जाएंगे जो उस लोकसभा क्षेत्र से विजयी हुए, जहाँ से उनका उस क्षेत्र से कोई सीधा संबंध नहीं था। वहां पर जनता से जुड़कर और उनके सुख-दुःख का हिस्सा बनकर वे वहां के हो गए। कृपलानी जी सिंध (अब पाकिस्तान) से आए थे। वे बिहार से सांसद बने। इंदरजीत सिंह नामधारी का परिवार देश के विभाजन के वक्त पाकिस्तान से बिहार आकर बस गया था। वे बरसों बिहार के ट्रांसपोर्ट मंत्री भी रहे। बिहार के विभाजन के बाद वे झारखंड में सक्रिय हो गए। इंदर सिंह नामधारी झारखंड के पहले विधान सभा अध्यक्ष बने। वे वनांचल राज्य आंदोलन के प्रमुख नेता थे जिसने दक्षिण बिहार के लिए अलग राज्य की मांग की थी।

अब डॉ. करणी सिंह की भी बात कर लेते हैं। हो सकता है कि नई पीढ़ी को उनके संबंध में कम जानकारी हो। वे देश के चोटी के निशानेबाज थे। डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज किसी खिलाडी के नाम पर रखा गया राजधानी का पहला स्टेडियम माना जा सकता है। आमतौर पर यह नहीं होता। ड़ॉ. करणी सिंह रेंज का निर्माण 9 वें एशियाई खेलों के निशानेबाजी के मुकाबलों के लिए 1982 में हुआ था। डॉ. करणी सिंह बीकानेर के राज परिवार से थे। वे देश के पहले निशानेबाज थे जिन्हें 1961 में अर्जुन पुरस्कार' देकर सम्मानित किया गया था। उनके बारे में कहा जाता है कि वे राज परिवार से आने के बावजूद आम जनता के सुख-दुख में शामिल होते रहते थे। वे 1952 से 1977 तक लगातार पांच बार सांसद रहे। उन्होंने दो चुनाव में 70 से 71 फीसदी मत प्राप्त किए थे। उनके बाद इस मत प्रतिशत को प्राप्त करने में कोई भी पार्टी प्रत्याशी सफल नहीं हो पाया। बीकानेर लोकसभा क्षेत्र से लगातार पांच बार सांसद रहने का रिकॉर्ड करणी सिंह के नाम है।

अब लोकसभा चुनाव का उत्सव देश देख रहा है। सारा देश जानता है कि अब चुनाव लड़ना कितना खर्चीला हो गया है। कैंपेन इतनी महंगी हो गई है कि कोई भी इंसान आजाद उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने से पहले कई बार जरूर सोचता होगा। इसके बावजूद तमाम जनता के बीच में काम करने वाले राजनीतिक कार्यकर्ता चुनावी रणभूमि में कूदने से पीछे नहीं रहते। उम्मीद करनी चाहिए कि देश आगामी लोकसभा में पहले से अधिक आजाद उम्मीदवारों को देखेगा।

## विशेष

# नवरात्रि माता का सातवां स्वरूप माँ कालरात्रि

**संजीव ठाकुर**

**मोबाइल : 9009 415 415**

मित्रों माँ दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती हैं। दुर्गा पूजा के सातवें दिन माँ कालरात्रि की उपासना का विधान है। इस दिन साधक का मन 'सहस्रार' चक्र में स्थित रहता है। इसके लिए ब्रह्मांड की समस्त सिद्धियों का द्वार खुलने लगता है। देवी कालरात्रि को व्यापक रूप से माता देवी-काली, महाकाली, भद्रकाली, भैरवी, मृत्यिू, रुद्रानी, चामुंडा, चंडी और दुर्गा के कई विनाशकारी रूपों में से एक माना जाता है। रौद्री और धुमोरना देवी कालात्री के अन्य कम प्रसिद्ध नामों में हैं। माता ने रक्तबीज राक्षस का वध करने के लिए कालरात्रि का रूप धारण किया था देवी के इस रूप में सभी राक्षस,भूत, प्रेत, पिसाच और नकारात्मक ऊर्जाओं का नाश होता है, जो उनके आगमन से पलायन करते हैं। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह एकदम काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में विद्युत की तरह चमकने वाली माला है। इनके तीन नेत्र हैं। ये तीनों नेत्र ब्रह्मांड के सदृश गोल हैं। इनसे विद्युत के समान चमकीली किरणें निःसृत होती रहती हैं। माँ की नासिका के श्वास-प्रश्वास से अग्नि की भयंकर ज्वालाएँ निकलती रहती हैं। इनका वाहन गर्दभ (गधा) है। ये ऊपर उठे हुए दाहिने हाथ की वरमुद्रा से सभी को वर प्रदान करती हैं। दाहिनी तरफ का नीचे वाला हाथ



अभयमुद्रा में है। बाईं तरफ के ऊपर वाले हाथ में लोहे का काँटा तथा नीचे वाले हाथ में खड्ग (कटार) है।सिल्प प्रकाश में संदर्भित एक प्राचीन तांत्रिक पाठ, सौधिकागम, देवी कालरात्रि का वर्णन रात्रि के नियंत्रा रूप में किया गया है। सहस्रार चक्र में स्थित साधक का मन पूर्णतः माँ कालरात्रि के स्वरूप में अवस्थित रहता है। उनके साक्षात्कार से मिलने वाले पुण्य (सिद्धियों और निधियों विशेष रूप से ज्ञान, शक्ति और धन) का वह भागी हो जाता है। उसके समस्त पापों-विघ्नों का नाश हो जाता है और अक्षय पुण्य-लोकों की प्राप्ति होती है। माँ कालरात्रि का स्वरूप देखने में अत्यंत रौद्ररूप है, लेकिन ये सदैव शुभ फल ही देने वाली हैं। इसी कारण इनका एक नाम 'शुभंकारी' भी है। अतः इनसे भक्तों को किसी प्रकार भी भयभीत अथवा आतंकित होने की आवश्यकता नहीं है। माँ कालरात्रि दुष्टों का विनाश करने वाली हैं। दानव, दैत्य, राक्षस, भूत, प्रेत आदि इनके स्मरण मात्र से ही भयभीत होकर भाग जाते हैं। ये ग्रह-बाधाओं को भी दूर करने वाली हैं। इनके उपासकों को अग्नि-भय, जल-भय, जंतु-भय, शत्रु-भय, रात्रि-भय आदि कभी नहीं होते। इनकी कृपा से वह सर्वथा भय-मुक्त हो जाता है।

माँ कालरात्रि के स्वरूप-विग्रह को अपने हृदय में अवस्थित करके मनुष्य को एकनिष्ठ भाव से उपासना करनी चाहिए। यम, नियम, संयम का उसे पूर्ण पालन करना चाहिए। मन, वचन, काया की पवित्रता रखनी चाहिए। वे शुभंकारी देवी हैं। उनकी उपासना से होने वाले शुभों की गणना नहीं की जा सकती। हमें निरंतर उनका स्मरण, ध्यान और पूजा करना चाहिए। माता कालरात्रि को गुड़ का भोग लगाना चाहिए। नवरात्रि की सप्तमी के दिन माँ कालरात्रि की आराधना का विधान है। इनकी पूजा-अर्चना करने से सभी पापों से मुक्ति मिलती है व दुश्मनों का नाश होता है, तेज बढ़ता है। प्रत्येक सर्वसाधारण के लिए आराधना योग्य यह श्लोक सरल और स्पष्ट है। माँ जगदम्बे की भक्ति पाने के लिए इसे कंठस्थ कर नवरात्रि में सातवें दिन इसका जाप करना चाहिए।

या देवी सर्वभूतेषु माँ कालरात्रि रूपेण संस्थिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।।

## नजरिया

# इंदिरा और मोदी में गजब की समानता

**बाल मुकुन्द ओझा**





इंदिरा गांधी और नरेंद्र मोदी में कई मामलों में गजब की समानता है। इंदिरा गांधी का जादू मतदाताओं के सिर चढ़कर बोलता था। एक करिश्माई नेता की उनकी छवि थी। पार्टी पर उनकी जबरदस्त पकड़ थी। उनके फैसले का विरोध करने की ताकत किसी नेता में नहीं थी। वे जो कहती वह लो की लकीर होती थी। उनकी सांगठनिक क्षमता के सभी मुरीद थे। मोरारजी देसाई, निजलिंगप्पा, एसके पाटिल और कामराज सरीखे नेता से सत्ता छीनना कोई मामूली काम नहीं था। यदि इमरजेंसी का पाप उनके सिर पर नहीं होता तो देश के सबसे लोकप्रिय और शक्तिशाली नेता की छवि में कोई पैबंद नहीं लगता। लगभग यही स्थिति आज प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की है। अपनी पार्टी में मोदी सबसे प्रभावशाली और लोकप्रिय नेता है। उनके किसी फैसले पर पार्टी में कोई अंगुली नहीं उठाता। चुनाव जिताने की उनमें अद्भुत क्षमता है। मोदी मोदी का नारा सर्वत्र गूंजता है। पार्टी के सबसे बड़े नेता आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी को मार्गदर्शक मंडल में डालकर अपने शक्तिशाली होने और सांगठनिक क्षमता का परिचय दिया। इंदिरा गाँधी का उनकी पार्टी के पुराने नेताओं ने जबरदस्त विरोध किया था, इसके विपरीत भाजपा में पुराने नेताओं ने मोदी का विरोध नहीं किया। इन्दिरा गांधी ने सत्ता हासिल करने के लिए जनशक्ति पर विश्वास जताया। आज मोदी अपनी रैलियों और जनसम्पर्क के जरिये ज्यादा से ज्यादा जनता से जुड़ते दिखाई दे रहें हैं। इंदिरा गांधी ने बांग्ला देश में विजय पताका फहराकर अपने शक्तिशाली और साहसी होने का परिचय दिया था। इसी भांति नरेंद्र मोदी ने कश्मीर से धारा 370 हटाकर अपने आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प से देशवासियों को अवगत कराया था। दोनों ही नेताओं पर उनके विरोधियों ने तानाशाह होने का आरोप लगाया मगर इससे उनकी सेहत पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा।

इंदिरा गाँधी में गजब का आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प शक्ति थी। मोदी भी आत्मविश्वास और संकल्प शक्ति से भरपूर है। 1971 में देश में गरीबी हटाओ का नारा लगाकर इंदिरा गाँधी सत्तारूढ़ हुई थी। उस दौरान इंदिरा गांधी ने अपने भाषण में जनता से कहा था कि विपक्ष का कहना है कि इंदिरा हटाओ। हमारा कहना है कि गरीबी हटाओ। आज पांच दशक के बाद मोदी दहाड़ रहे है कि विपक्ष का कहना है मोदी हटाओ मगर मैं कहता हूँ भ्रष्टाचार हटाओ। देश में इस समय प्रधानमंत्री मोदी और इंदिरा गाँधी में समानता की चर्चा जोर शोर से हो रही है। 1971 में इंदिरा गाँधी ने कहा था, वो कहते हैं इंदिरा हटाओ, मैं कहती हूं गरीबी हटाओ और आज 2024 में मोदी और अमित अमित शाह उसी तर्ज पर फरमाते है, वो कहते हैं मोदी हटाओ हम कहते है भ्रष्टाचार हटाओ देश बचाओ। उस समय सत्तारूढ़ पार्टी कांग्रेस थी और इंदिरा गाँधी का पार्टी पर पूरी तरह आधिपत्य था। कांग्रेस अध्यक्ष देवकांत बरुआ उनकी मर्जीदान थे। बरुआ ने खुलेआम कहा था इंदिरा इज इंडिया और इंडिया इज इंदिरा। पार्टी में किसी की हिम्मत नहीं हुई इसका विरोध करने की। चंद्र शेखर, मोहन धारिया आदि युवा तुर्क नेता जिन्होनें भी इंदिरा का विरोध किया वे दर किनार कर दिए गए थे। उस समय कांग्रेस और इंदिरा के खिलाफ सभी राजनीतिक दलों में एका हो गया था यानि सांप छुछुंदर एक जाजम पर आगये थे। इंदिरा गाँधी का गरीबी हटाओ का नारा बहुत फेमस हुआ था। देश की राजनीति में पांच दशक बाद इतिहास फिर दुहरा रहा है। इस समय भाजपा सत्तासीन है और पार्टी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पूरी तरह कब्जा है। इंदिरा कहती थी गरीबी हटा कर विकास के मार्ग पर देश को ले जाना है और आज मोदी कहते है हमारा एजेंडा गरीबी हटा कर देश में विकसित भारत का सपना साकार करना है। मंत्री परिषद पर इंदिरा का पूरी तरह अधिकार था और उनके सामने बोलने की हिम्मत किसी में नहीं थी और आज मोदी की पूरी तरह तूती बोल रही है। मंत्री परिषद पर उनका पूरी तरह कब्जा है। इंदिरा ही उस समय देश की नीति नियंता थी और आज मोदी देश के भाग्यविधाता है। इंदिरा के निर्णयों का विरोध करने की हिम्मत पार्टी या मंत्रियों में नहीं थी। राष्ट्रपति भी उनके मर्जीदान थे। ठीक वही स्थिति आज मोदी की है। इंदिरा भी देश भर में घूम घूम कर भ्रष्टाचार और गरीबी हटाने की बात करती थी और कहती थी मैं जनता के हितों के लिए कुछ करना चाहती हूँ मगर विपक्ष विकास में अवरोधक बना हुआ है। मोदी भी आज देश भर में यही कहते नजर आते है कि विरोधी कहते हैं- मोदी हटाओ, मोदी हटाओ, लेकिन मैं कहता हूं- भ्रष्टाचार हटाओ, भ्रष्टाचार हटाओ। आज फिर विपक्ष मोदी को उसी के हथियार से निपटाना चाहता है ,मगर यह जनता को मंजूर है या नहीं यह तो लोकसभा चुनाव के परिणाम ही बता पाएंगे। बहरहाल कुछ सियासतदान यह भविष्यवाणी अवश्य कर रहे हैं कि वर्तमान स्थिति में मोदी को सत्ताच्युत करना मुश्किल है। मोदी का 400 पार का नारा भले पूरा नहीं हो मगर उनको हैट्रिक बनाने से रोकना मुश्किल है।

महत्त्वपूर्ण

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. **Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– **दक्षिण भारत राष्ट्रमत**



**पूजा-अर्चना**

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा रविवार को जम्मू के नगरोटा इलाके में कोल कंडोली मंदिर में पूजा-अर्चना करते हुए।

# ईरान ने इजराइल पर किया हमला, 300 से अधिक ड्रोन और मिसाइल दागीं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

यरूशलम/एपी। ईरान ने एक अप्रत्याशित कदम उठाते हुए रविवार तड़के इजराइल पर हमला कर दिया और उस पर सैंकड़ों ड्रोन, बैलेस्टिक मिसाइल तथा क्रूज मिसाइल दागीं। एक सैन्य प्रवक्ता ने कहा कि 300 से अधिक ड्रोन और मिसाइल दागी गईं जिनमें से 99 प्रतिशत को हवा में ही नष्ट कर दिया गया। ईरान के इस हमले ने पश्चिम एशिया को क्षेत्रीय युद्ध के करीब धकेल दिया है। हमले के बाद से इजराइल में हर कहीं साइरन की आवाजें सुनाई दे रहीं हैं।

सीरिया में एक अप्रैल को हवाई हमले में ईरानी वाणिज्य दूतावास में दो ईरानी जनरल के मारे जाने के बाद ईरान ने बदला लेने का प्रण लिया था। ईरान ने इस हमले के पीछे इजराइल का हाथ होने का आरोप लगाया था। हालांकि इजराइल ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी थी। यह पहली बार है जब ईरान ने देश की 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद शुरू हुई दशकों की दुश्मनी के बाद इजराइल पर सीधे तौर पर हमला किया है। अमेरिका, संयुक्त राष्ट्र, फ्रांस, ब्रिटेन आदि देशों ने इजराइल पर ईरान के हमले की निंदा की है।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने वाशिंगटन में कहा कि अमेरिकी सेना ने लगभग सभी’ ड्रोन और मिसाइलों को मार गिराने में इजराइल की मदद की। साथ ही उन्होंने समन्वित कार्रवाई के लिए सहयोगियों की बैठक बुलाई है। इजराइली सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हैगारी ने कहा कि ईरान ने बड़ी संख्या में ड्रोन, क्रूज मिसाइल और बैलेस्टिक मिसाइल दागीं, जिनमें से अधिकतर को इजराइल की सीमाओं के बाहर नष्ट कर दिया गया।

उन्होंने कहा कि युद्धक विमानों ने इजराइली हवाई क्षेत्र के बाहर 10 से अधिक क्रूज मिसाइलों को तबाह कर दिया, लेकिन कुछ मिसाइल इजराइल में गिरीं। बचावकर्ताओं ने बताया कि एक हमले में दक्षिणी इजराइल के बदूइन अरब शहर में 10 वर्षीय लड़की गंभीर रूप से घायल हो गई। हैगारी ने कहा कि एक अन्य मिसाइल सैन्य अड्डे पर गिरी जिससे वहां मामूली नुकसान हुआ है। हैगारी ने कहा, ‘‘ईरान ने बड़े पैमाने पर हमला किया है और तनाव बढ़ाया है।’’ यह पूछे जाने पर कि क्या इजराइल इस हमले का जवाब देगा, उन्होंने कहा इजराइल की रक्षा के लिए जो भी आवश्यक है, सेना वह करेगी।

**अंबेडकर जयंती**



नागपुर में रविवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे बीआर अंबेडकर की जयंती के अवसर पर दीक्षाभूमि की यात्रा के दौरान।

# इंडोनेशिया में भूस्खलन से कम से कम 14 लोगों की मौत, तीन लापता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

ताना तोराजा/एपी। इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर मूसलाधार बारिश के कारण हुए भूस्खलन की चपेट में आने से कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य लापता हो गए। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। स्थानीय पुलिस अधिकारी गुनार्डी मुंडू ने कहा कि दक्षिण सुलावेसी प्रांत के ताना तोराजा जिले में शनिवार रात को मूसलाधार बारिश के बाद आसपास की पहाड़ियों से भूस्खलन हुआ। भूस्खलन से प्रभावित घरों में से एक में पारिवारिक समारोह हो रहा था।

मुंडू ने कहा कि दर्जनों सैनिक, पुलिसकर्मी और स्वयंसेवकों को दूरदराज के पहाड़ों के गांवों में लोगों को बचाने के लिए तलाशी अभियान में लगाया गया। रविवार तड़के बचावकर्मी एक आठ साल की बच्ची सहित दो घायलों को जिंदा बाहर निकालने में कामयाब रहे। सभी घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रवक्ता अब्दुल मुहारी ने कहा कि बचावकर्मियों ने रविवार दोपहर तक मकाले गांव में कम से कम 11 शव और दक्षिण मकाले में तीन शव बरामद कर लिए थे और तीन साल की बच्ची सहित तीन अन्य की अभी भी तलाश जारी है।

**अहिंसा मार्च**




पटना में रविवार को भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव पर अहिंसा मार्च के दौरान जैन संघ के सदस्य।

# केवल दीदी : ओडिशा के गांवों में मुर्गी पालन में ला रहीं बदलाव

भुवनेश्वर/भाषा। सबिता मोहंती अतीत में घर और खेत का काम पूरा करने के बाद खाली बैठी रहती थीं। लेकिन अब स्थिति बदल गई है वह अपने समुदाय की साथी महिला मुर्गीपालकों द्वारा मदद के लिए फोन करने के लिए हरपल तैयार रहती हैं। यह ओडिशा के गांवों में आ रहे सकारात्मक बदलाव के संकेत हैं। एक समय था जब मयूरभंज जिले के मिटुआनी गांव की रहने वाली मोहंती केवल साधारण गृहणी थीं लेकिन आज उनकी एक नई पहचान है। वह 200 सामुदायिक कृषि -पुशपालन उद्यमियों या आसपास ऐसी महिलाओं के लिए प्रयुक्त लोकप्रिय उपनाम ‘केव दीदियों’ में से एक हैं। उन्होंने मुर्गी पालन में लगी महिलाओं को महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करके राज्य के क्योंझर और मयूरभंज जिलों के गांवों में जीवन में क्रांतिकारी बदलाव लाया है।

मोहंती (37) ने 12वीं कक्षा तक की पढ़ाई की है और अब उन्हें न केवल एक नई पहचान मिली है, बल्कि जीवन में उद्देश्य और सशक्तिकरण की भावना भी जगी है। मोहंती ने गांव कनेक्शन से कहा, मुर्गी पालन हमेशा से हमारे समुदाय का हिस्सा रहा है, लेकिन शुरू में जागरूकता सीमित थी। जब सम्मानित व्यक्तियों ने हमारे गांव का दौरा किया और सुझाव दिया कि मैं ‘केव दीदी’ बन सकती हूं, दूसरों की सहायता कर सकती हूं, तब मुझे बदलाव लाने की ताकत महसूस हुई। सबिता इस समय न केवल 80 से अधिक मुर्गियों की देखरेख करती हैं बल्कि दूसरों की मुर्गियों की भी देखभाल करती हैं। इस परिवर्तनकारी कदम को हेफ़र इंटरनेशनल की ओर से कार्यान्वित हैचिंग होप ग्लोबल इनिशिएटिव द्वारा बढ़ावा दिया गया। इसका उद्देश्य मुर्गीपालन में शामिल आदिवासी महिलाओं और किसानों का उत्थान करना है।



# एकता कपूर की फिल्म ‘एलएसडी 2’ का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई/एजेन्सी**

बॉलीवुड फिल्मकार एकता कपूर की आने वाली फिल्म ’एलएसडी 2 का ट्रेलर रिलीज हो गया है। दिबाकर बनर्जी के निर्देशन में बनी फिल्म लव सेक्स और धोखा (एलएसडी) वर्ष 2010 में प्रदर्शित हुयी थी।राजकुमार राव की यह बतौर अभिनेता डेब्यू फिल्म थी। इस फिल्म में नुसरत भरूचा ने भी अहम भूमिका निभायी थी।फिल्म की कहानी ऑनर किलिंग, एमएमएस स्कैंडल और कास्टिंग काउच पर आधारित थी। एकता कपूर 14 साल बाद अपनी फिल्म एलएसएडी का सीक्वल एलएसडी 2 ला रही हैं।एलएसडी 2 में उर्फी जावेद, बोनिता राजपुरोहित और पारितोष तिवारी जैसे कलाकार अहम भूमिका निभाते नजर आ रहे हैं। फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है।ट्रेलर की शुरुआत मैं कैमरे में उस नूर को देख रही हूं जो साड़ी पहनकर राष्ट्रपति से बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड ले रही है। डायलॉग से शुरू होती है। फिर दिखाया गया कि कैसे व्यूज के लिए लोग आपस में झगड़ते हैं। व्यूज के लिए एक बेटा अपनी मां को ही जोरदार थप्पड़ मार देता है। ट्रेलर में व्यूज के लिए यंग जेनरेशन के बीच पागलपन और ट्रांसजेंडर्स के साथ यौन हिंसा जैसे मुद्दों की झलक दिखाई गई है। एलएसडी 2 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# फीमेल सेंट्रिक फिल्मों को पसन्द नहीं करते हैं मेल एक्टर्स : विद्या बालन

**मुंबई/एजेन्सी**



विद्या बालन हिन्दी सिनेमा की चर्चित और सुप्रसिद्ध मोस्ट पॉपुलर स्टार हैं। उन्होंने कई बोल्ड और मजबूत किरदार किए हैं और दर्शकों को अपने अभिनय से प्रभावित किया है। विद्या कई फीमेल सेंट्रिक फिल्में कर चुकी हैं। इन दिनों वे अपकमिंग फिल्म दो और दो प्यार को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में फिल्म प्रमोशन के दौरान उन्होंने फीमेल सेंट्रिक फिल्मों को लेकर रिएक्ट किया है। फीमेल सेंट्रिक फिल्मों को लेकर विद्या ने कहा, ’मुझे नहीं लगता है कि मेल एक्टर्स आज भी फीमेल सेंट्रिक फिल्मों को लेकर खुश होंगे। सच कहूं तो ये उनका नुकसान है क्योंकि हम उनसे बेहतर फिल्में कर रहे हैं। मुझे वास्तव में इस पर विश्वास है। वो फॉर्मूला बेस्ड फिल्में कर रहे हैं, वुमेन लीड फिल्में ज्यादा एक्साइटिंग हैं।’ आगे उन्होंने कहा, ’हां, लोग तारीफ करते हैं पर मेल एक्टर्स अनकम्फर्टेबल होते हैं जब एक महिला सेंटर स्टेज लेती है। मुझे नहीं लगता है कि उन्हें खुशी होगी कि कोई उनकी लाइमलाइट चुरा ले। पर मुझे कभी बुरा नहीं लगा। ये ऐसा था कि अगर वे घबराए हुए हैं तो मैं क्या कर सकती हूं।’विद्या के करियर की बात करें तो उन्होंने कई फीमेल सेंट्रिक फिल्में की हैं। वो इश्किया, नो वन किल्ड जेसिका, द डर्टी पिक्चर, कहानी, तुम्हारी सुलू, शेरनी और जलसा में नजर आ चुकी हैं। विद्या की फिल्मों को प्रशंसक काफी पसंद करते हैं। विद्या को द डर्टी पिक्चर के लिए नेशनल अवॉर्ड भी मिला था। अब विद्या को दो और दो प्यार में देखा जाएगा। इस फिल्में प्रतीक गांधी, इलियाना डिक्रूज और राममूर्ति जैसे सितारे नजर आएंगे। इस फिल्म की कहानी एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म 19 अप्रैल को थिएटर में रिलीज होगी। इसके अलावा विद्या कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया-3 में नजर आएंगी। फिल्म में तृप्ति डिमरी भी लीड रोल में हैं। इसे अनीस बज्मी निर्देशित कर रहे हैं।



# ऋतिक रौशन और जूनियर एनटीआर की फिल्म ‘वॉर 2’ में होगा जबरदस्त एयरक्राफ्ट सीक्वेंस

**मुंबई/एजेन्सी**

बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रौशन और जूनियर एनटीआर की आने वाली फिल्म वॉर 2 में जबरदस्त एयरक्राफ्ट सीक्वेंस फिल्माया जायेगा। ऋतिक रौशन इन दिनों वर्ष 2019 में प्रदर्शित अपनी सुपरहिट फिल्म वॉर के सीक्वल वॉर 2 में काम कर रहे हैं। इस फिल्म में जूनियर एनटीआर खलनायक की भूमिका में हैं।

फिल्म वॉर 2 में दिखाया जाएगा कि जासूस कबीर धालीवाल (ऋतिक) को एक और मिशन पर भेजा जाता है। यशराज बैनर तले अयान मुखर्जी के निर्देशन में बन रही वॉर 2 में जबरदस्त एयरक्राफ्ट सीक्वेंस फिल्माया जायेगा।बताया जाता है कि निर्माता आदित्य चोपड़ा और निर्देशक अयान मुखर्जी ने दक्षिण अफ्रीकी एक्शन निर्देशक फ्रांज स्पिलहास के साथ मिलकर इस सीक्वेंस की परिकल्पना की है, जो एक निजी जेट में सेट किया गया है। एक्शन को भव्य बनाने के लिए आदित्य और अयान ने दुनियाभर से 11 स्टंट कोऑर्डिनेटर को भी काम पर रखा है।

# बिग बी ने ‘जागृति’ गीत को याद कर कहा, दुनिया ‘परमाणु हथियार’ के ढेर पर बैठी है

**मुंबई/एजेन्सी**



मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने कहा है कि ’परमाणु हथियार’ को लेकर उनका मन अशांत हो जाता है। उन्होंने ’जागृति’ के एक गाने को याद किया, जिसके बारे में उन्होंने खुलासा किया कि यही वह फिल्म है जो उन्होंने देखी है। अपने ब्लॉग पर अमिताभ ने लिखा, अशांत मन और विचार का एक दिन... जिस दुनिया में हम रहते हैं, वह परमाणु हथियारों के ढेर पर बैठी है। किसी देश का नाम लिए बिना, उन्होंने कहा: ’दुनिया को खत्म कर दो’... ये मेरे शब्द नहीं, बल्कि शक्तिशाली राष्ट्र के एक नेता के शब्द हैं... अगर इसे छोड़ा जाय तो यह दुनिया को उड़ाने की क्षमता रखता है...। बिग बी ने लिखा, संभावनाएं, त्रुटियां, गलतियां... एक गलत अलार्म शुरू कर सकती है और इसका परिणाम... निश्चित रूप से किसी इंसान का निर्णय होगा... चाहे गलती से हो या किसी और वजह से...। बिग बी ने साझा किया: एक और युद्ध की स्थिति में ऐसा होने का डर रहेगा... यह सब किया जा सकता है। इसके बाद अभिनेता ने इस बारे में बात की कि कैसे 1954 की फिल्म ’जागृति’ का मोहम्मद रफी का गाना ’हम लाये हैं तूफान से’ आज भी सच है। उन्होंने आगे लिखा, और 1954 में फिल्म ’जागृति’ का वह गाना, पहली हिंदी फिल्म जो मैंने इलाहाबाद में देखी थी... और ये शब्द 2024 में हम जो चर्चा करते हैं, बिल्कुल सच लगते हैं। उन्होंने आगे कहा, एक कवि की दूरदर्शिता को कभी कम नहीं आंका जा सकता...।



# ‘12वीं फेल’ ने तोड़ा 23 साल पहले स्थापित रिकॉर्ड को

**मुंबई/एजेन्सी**

विक्रांत मैसी की ‘12वीं फेल’ साल 2023 की सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली फिल्म है। सिर्फ साल 2023 की ही नहीं, साल 2024 में भी इस फिल्म को दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। यही कारण है कि इस फिल्म ने सनी देओल की ‘गदर’ का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। दिलचस्प बात तो ये है कि पिछले 23 सालों में कोई भी ये कारनामा नहीं कर पाया है। चलिए आपको बताते हैं इस रिकॉर्ड के बारे में। विक्रांत मैसी ने अपने इंस्टाग्राम पर 12वीं फेल का एक पोस्टर शेयर किया जिसमें वह और मेधा शंकर नजर आ रहे हैं। इस पोस्टर को शेयर करते हुए विक्रांत मैसी ने लिखा, ‘25 हफ्ते, सिल्वर जुबली।’ इसका मतलब ये है कि फिल्म को रिलीज हुआ 25 हफ्ते हो गए हैं और अभी तक फिल्म सिनेमाघरों में लोगों का मनोरंजन कर रही है। एक्टर ने अपनी पोस्ट के जरिए ये भी बताया कि पिछले 23 सालों में कोई भी फिल्म यह मुकाम हासिल नहीं कर पाई है। बता दें, 23 साल पहले सनी देओल की ‘गदर’ ने ये रिकॉर्ड बनाया था।

बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक, ‘12वीं फेल’ ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 56.75 करोड़ रुपये की कमाई की है।

वहीं वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस की बात करें तो फिल्म ने दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस से 69.64 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। याद दिला दें, इस फिल्म का निर्देशन विधु विनोद चोपड़ा ने किया है और इसकी कहानी आईपीएस अधिकारी मनोज कुमार शर्मा पर आधारित है।

# परिणीति चोपड़ा ने फिल्म ‘अमर सिंह चमकीला’ के लिए 15 किलो वजन बढ़ाया

**मुंबई/एजेन्सी**



बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने फिल्म ’ अमर सिंह चमकीला’ के लिये 15 किलो वजन बढ़ाया था। बॉलीवुड फिल्मकार इम्तियाज अली की फिल्म अमर सिंह चमकीला में दिलजीत दोसांझ और परिणीति चोपड़ा अहम भूमिका में हैं। ’ अमर सिंह चमकीला’ पंजाब के रॉकस्टार कहे जाने वाले अमर सिंह चमकीला पर आधारित है। इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ, अमर सिंह की भूमिका में हैं, जबकि परिणीति अमर सिंह की पत्नी अमरजोत कौर बनी हैं। फिल्म ‘अमर सिंह चमकीला’ नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। परिणीति चोपड़ा ने इस फिल्म के लिये 15 किलोग्राम वजन बढ़ाया था।

परिणीति चोपड़ा ने बताया,किसी भी फिल्म या बायोपिक में अपने जैसा दिखने को कोई मतलब नहीं और इसलिए मैंने तुरंत अमरजोत के किरदार में ढलने की कोशिश की और इसके लिए इम्तियाज ने मुझे खूब परांठे भी खिलाए। इस फिल्म में मैं बिल्कुल अमरजोत कौर के जैसा दिखना चाहती थी और इसलिए मैंने 15 किलो वजन बढ़ाया।इम्तियाज के साथ इस फिल्म की शूटिंग में मुझे जितना मजा आया, मुझे नहीं लगता कि मुझे किसी और फिल्म में इतना मजा आएगा। यह बहुत अच्छा अनुभव था। गौरतलब है कि 08 मार्च, 1988 को अमर सिंह चमकीला और अमरजोत कौर अपने बैंड के साथ जालंधर से महसामपुर में लाइव परफॉर्मेंस के लिए गए थे। वह गाड़ी से निकलकर स्टेज पर जा रहे थे कि तभी कुछ बाइक सवारों ने दोनों की गोली मारकर हत्या कर दी।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com
RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

जीतो चैप्टर के अंतर्गत जीतो लेडीज विंग नॉर्थ द्वारा 'मतदान पर्व-अपना गर्व' कार्यक्रम जीतो कार्यालय राजाजीनगर में अध्यक्ष बिन्दु रायसोनी के नेतृत्व में आयोजित हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित समाजसेवी महेंद्र मुणोत ने कहा कि भारत आत्मविकास की संस्कृति है।



# 'तैयारी जीत की' करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित

## टीपीएफ एवं डीएफसी के संयुक्त तत्वाधान में

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम, चेन्नई चेप्टर एवं डीएफसी के सयुक्त तत्वावधान में शनिवार शाम को चेन्नई के लक्ष्मी महल में 'तैयारी जीत की' एक करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। 14 साल और ऊपर के बच्चें जो भविष्य में किस दिशा की ओर जायें, 10वीं के बाद कौनसे विषयों का चयन करें या कौनसे क्षेत्र में अपनी प्रतिभा को निखारे-इसी उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत नमस्कार महामंत्र से हुई।

मंगलाचरण के पश्चात टीपीएफ अध्यक्ष प्रसन्न बोथरा एवं डीएफसी अध्यक्ष श्रीमती पिंकी भंडारी द्वारा आगंतुकों का स्वागत किया गया। टीपीएफ नेशनल टीम के दिनेश धोखा ने मोटिवेशन एवं माइंडसेट विषय पर प्रकाश डाला गया। महालक्ष्मी नारायण प्रसाद द्वारा जॉब एवं करियर में क्या अंतर है। करियर के चुनाव में महत्वपूर्ण घटकों के बारे में बच्चों के साथ अपने अनुभव साझा किए। इंजीनियरिंग, डाटा साइंटिस्ट, एडवोकेट, साइकोलॉजी, सीए, सीएस, सीएफए, यूपीएससी, फैशन डिजाइनिंग, इंटीरियर डिजाइनिंग, डिजिटल मार्केटिंग, सोशल मीडिया, डॉक्टर, जर्नलिज्म, एंटरप्रेन्योर्स, आर्किटेक्ट जैसे विविध महत्वपूर्ण करियर्स को कौन कर सकता है, कब कर सकता है, कैसे कर सकता है, और करने के बाद जीवन में सफलतम कैसे बन सकते हैं- इन सब मुद्दों पर पीपीटी प्रेजेंटेशन द्वारा कई प्रोफेशनल्स ने अपने अनुभवों को साझा किया।

इस मौके पर इंजीनियरस, आर्किटेक्टस, डॉक्टरस, साइकोलॉजिस्ट, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, एडवोकेट्स, कंपनी सेक्रेट्रीजस, चार्टर्ड फाइनेंशियल एनालिस्टस, एक्चुअरियल साइंस, एमबीए, फैशन डिजाइनिंग, ग्राफिक एंड डिजिटल मार्केटिंग, कंटेंट राइटिंग एंड लाइफ स्किल्स, एंटरप्रेन्योर कोच आदि ने वन टू वन काउंसलिंग कर, सहभागी लगभग 150 बच्चों एवं उनके अभिभावकों की शंकाओं का सटीक समाधान प्रदान किया। सुभद्रा अनिल लुणावत- डीएफसी किड्स कमेटी टीम, सुनील बाफना, कमल बोहरा, रौनक बाफना के सहयोग से कार्यक्रम सफलतम रहा। अभिभावकों एवं बच्चों ने इस कार्यक्रम से बहुत कुछ पाया एवं करियर काउंसलिंग के इस प्रकल्प की भरपूर प्रशंसा के फीडबैक वीडियो बनाए। कार्यक्रम का संचालन विवेक बोथरा ने किया एवं टीपीएफ नेशनल टीम से अनिल लुणावत ने धन्यवाद ज्ञापन किया।



# विमल शांति महिला मंडल श्रीरामपुरम की नई कार्यकारिणी गठित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय शांतिनाथ जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ ट्रस्ट एलएन पुरम श्रीरामपुरम के तत्वावधान में एवं संतश्री निर्भयरतनमुनिजी की निश्रा में विमल शांति महिला मंडल की आगामी दो वर्ष के लिए नई कार्यकारिणी समिति सर्वसम्मति से नियुक्त हुई, जिसमें अध्यक्ष प्रमिलाबेन बोहरा, उपाध्यक्ष विमला बरलोटा, सचिव उषा संघवी, सहसचिव रिंकू बाफना, कोषाध्यक्ष किरण पारलेचा, सहकोषाध्यक्ष चंद्राबेन कोठारी नियुक्त किया।




# जीतो महिलाओं ने 'मतदान पर्व-अपना गर्व' आयोजित कर फैलाई जागरुकता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जीतो चैप्टर के अंतर्गत जीतो लेडीज विंग नॉर्थ द्वारा 'मतदान पर्व-अपना गर्व' कार्यक्रम जीतो कार्यालय राजाजीनगर में अध्यक्ष बिन्दु रायसोनी के नेतृत्व में आयोजित हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित समाजसेवी महेंद्र मुणोत ने कहा कि भारत आत्मविकास की संस्कृति है। सबको बचपन से धार्मिक-सामाजिक संस्कार मिले है। घर-परिवार-समाज-राष्ट्र नारी सशक्तिकरण से प्रगति के पायदान पर चढ़ता है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मतदान करना हर नागरिक का परम कर्तव्य है। यह हमारे सबसे महत्वपूर्ण अधिकारों में से एक है। इससे सरकार में अपनी बात कहने और अपने हितों का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिकारियों को चुनने का एक तरीका है। उन्होंने कहा कि मतदान के प्रति जागरूकता कार्यक्रम जीतो लेडीज विंग का सराहनीय प्रयास है। इस मौके पर उपस्थित पूर्व पार्षद कविता जैन ने अपने विचारों की प्रस्तुति देते हुए कहा कि मतदान करने में कोई भी नारी पीछे ना रहे वह अपने सहपरिवार के साथ मत देने के लिए जागरूक रहे।

मुख्य वक्ता, अतिथि का परिचय एवं संयुक्त संचालन संयोजिका सुमन सिंघवी एवं सहसंयोजिका जिग्ना कपासी ने किया। कार्यसमिति सदस्य मीना बडेरा, सूर्यकला सियाल, संगीता नागोरी आदि का सहयोग रहा। अध्यक्ष बिन्दु रायसोनी ने सभी का स्वागत किया। कार्यसमिति सदस्य साधना धोका ने धन्यवाद दिया।



# 'गुरु की ऊर्जा हमारे साथ है'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। साध्वीश्री उदितयशाजी महाप्रज्ञ इंटरनेशनल स्कूल, नाहर फार्म हाउस, भिक्षु धाम से विहार करते हुई जिंदल पब्लिक स्कूल पधारे। इस मौके पर साध्वीश्री उदितयशाजी ने कहा कि गुरुदेव आचार्य श्री महाश्रमण जी के आशीर्वाद से हम मुंबई से कर्नाटक की ओर चले और आज बेंगलूरु की सीमा के निकट पहुंच गए हैं। उनकी ऊर्जा सदैव हमारे साथ है। साध्वीश्री ने युवाशक्ति की सेवा की सराहना की। साध्वी संगीतप्रभाजी ने कहा कि हम सभी मूल सिद्धांतों को समझने और आत्मचिंतन करने का प्रयास करें। साध्वी भव्ययशाजी ने चातुर्मास काल में सभी युवकों को नियमित दर्शन, प्रवचन का लाभ लेने का आह्वान किया। इस मौके पर तेरापंथ सभा विजयनगर के अध्यक्ष प्रकाश गांधी, तेरापंथ युवक परिषद के मंत्री रोहित कोठारी सहित तेयुप गांधीनगर, टी दासरहल्ली, तेरापंथ सभा गांधीनगर, विजयनगर, टी दासरहल्ली के पदाधिकारी वस सदस्य उपस्थित थे। साध्वीश्री सोमवार को सुबह तेरापंथ भवन टी दासरहल्ली में प्रवेश करेंगी।



# जीतो मैसूरु में विद्यार्थियों ने सीखे अफसर बनने के गुर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जीतो चैप्टर मैसूरु के तत्वावधान में जेएटीएफ द्वारा 'अफसर बनने का अवसर' कार्यक्रम रोटरी ऑडिटोरिम में हुआ। जीतो चेयरमैन कांतिलाल चौहान ने सभी का स्वागत किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जेएटीएफ के महेश नाहर ने उपस्थित30 युवाओं को संबोधित करते परीक्षा से जुड़ने व जीतो के सहयोग की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने आडियो वीडियो प्रेजेन्टेशन के माध्यम से उपस्थित अभिभावकों को भी परीक्षा की जानकारी दी। इस मौके पर जेएटीएफ के सहयोग से आईआरएस अफसर बने रेलवे बोर्ड में कार्यरत अभिषेक गांधी ने विद्यार्थी को जेएटीएफ से जुड़ने का आह्वान किया तथा सफल होने के गुर सिखाए। इस मौके पर महावीर गुलेच्छा, राजेश मेहता, विनोद पोकरणा, केकेजी मैसूरु संयोजक चन्द्रगुप्त कटारिया सहित मैसूरु के मुख्य सचिव गौतम सालेचा, कोषाध्यक्ष विनोद बाकलीवाल, सहकोषाध्यक्ष नेमीचंद श्रीमाल, पूर्व उपाध्यक्ष प्रकाश दक, भेरूलाल पितलिया युवा विंग अध्यक्ष पुनीत श्रीश्रीमाल, मुख्य सचिव हिमांशु जैन, जीतो लेडीज विंग चेयरपर्सन मोना भटेवरा, मुख्य सचिव रजनी डागलिया, कोषाध्यक्ष सरिता बागमार आदि उपस्थित थे। संभावना जताई जा रही है कि 5 मई को होने वाले प्रशासनीक परीक्षाओं में 5 विद्यार्थी भाग लेंगे।



# राजेश कटारिया ने संभाली आरवाइए कॉस्मो की कमान

## सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति में सदस्यों ने मचाई धूम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। राजस्थान यूथ एसोसिएशन (आरवाइए) कॉस्मो के तत्वावधान में शनिवार सायं वानाग्राम स्थित केएम स्पैक्ट्रा होटल में आयोजित 30वें स्थापना दिवस समारोह में राजेश कटारिया के नेतृत्व में नई कार्यकारिणी समिति ने शपथ ग्रहण की। समारोह के मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य प्रवीण टाटिया एवं विशिष्ट अतिथि राजस्थान रत्न संघवी सुभाषचंद रांका थे। ईश प्रार्थना व दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम की शरुआत हुई। पूर्व अध्यक्ष रंजीत गादिया ने स्वागत भाषण में पिछले वर्ष सहयोग देने के लिए सबका आभार जताया। उन्होंने आरवाइए कॉस्मो फाउण्डेशन के कार्यों की सराहना करते हुए बताया कि पिछले वर्ष फाउंडेशन ने 1.35 करोड़ की दानराशि एकत्रित की। पूर्व सचिव नवरतन गादिया ने एसोसिएशन के कार्यकलापों का लेखा- जोखा प्रस्तुत किया। रंजीत गादिया ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश कटारिया को तिलक लगाकर अध्यक्ष पद पर स्थापित किया। इसके बाद कटारिया ने नई कार्यकारिणी समिति के सदस्यों को तिलक लगाकर स्थापित किया। मुख्य अतिथि ने नई कार्यकारिणी समिति में राजेश कटारिया के अलावा जितेन्द्र कोठारी को सचिव, सतीश मुणोत व राजेश रांका को उपाध्यक्ष, अनिल कोठारी व राकेश ललवानी को सहसचिव, विनोद छाजेड़ को कोषाध्यक्ष, प्रमोद मूथा को फाउंडेशन के प्रबंध न्यासी, विमलेश डागा व विकास सोलंकी को मनोरंजन, धीरज मूथा को लॉन्ग टूर, रीतेश मूथा को लेडिज विंग, श्रेणिक मरलेचा को एचआरडी, जितेन्द्र भंडारी को संपादकीय, हरीश जैन को ग्रीटिंग्स, महावीर मेहता को सांस्कृतिक, अजीत कोठारी को खेलकूद प्रभारी के रूप में पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई।

शपथग्रहण समारोह के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रतियोगिता लाने के उद्देश्य से प्रतिभागियों को तीन टीमों में विभक्त किया गया, जिसमें तीनों टीमों ने मनोरंजन व सामाजिक संदेशों के साथ समस्याओं के जीवंत निदान हेतु नृत्य एवं नाटिकाएं प्रस्तुत की। कार्यक्रम में बॉलीवुड शैली में फैशन शो व अंताक्षरी का आयोजन भी हुआ। तीनों टीमों के कप्तान जितेन्द्र भंडारी, योगेश सिंघवी और विनोद बांठिया थे। सांस्कृतिक प्रभारी महावीर मेहता ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और एक सप्ताह से वे अभ्यास में जुटे रहे। इस कार्यक्रम में राजेश रांका, विकास ललवानी, अनिल कोठारी, राकेश ललवानी रिशि मोदी, राजेश नाहर सहित कई सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

## गौपूजा



तमिलनाडु के वेल्लूर के श्रीपुरम श्री नारायणी पीठ में रविवार को तमिल नये साल के उपलक्ष्य में नारायणी पीठ के पीठाधीश्वर शक्ति अम्मा ने गो पूजा व सूर्य पूजा कर तमिल नए वर्ष की शुभकामनाएं दी।



# निर्माणाधीन राजेंद्र भवन के भूमिपूजन, खनन मुहूर्त, शिलान्यास के चढ़ावों में दिखा उत्साह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हुब्बल्ली/दक्षिण भारत। आचार्यश्री जयंतसेनसूरीश्वरजी कीआज्ञानुवर्ती साध्वीश्री आत्मदर्शनाश्रीजी की निश्रा में रविवार को राजेंद्र भवन के चढ़ावे की जाजम विधि विधान से विधिकारक विक्रम गुरुजी की निश्रा में हुई। सुमतिदेवी गणेशमल छत्रगोता परिवार ने भूमिपूजन का, प्यारीबाई जुठमल सोलंकी परिवार ने खनन मुहूर्त, बादामीदेवी कुंदनमल छत्रगोता परिवार ने मुख्य शिला का लाभ लिया। इसके अलावा अनेक गुरु भक्तों ने अनेक चढ़ावों में उत्साह से भाग लिया। इस मौके पर साध्वीश्री कहा कि हुब्बल्ली में राजेंद्र भवन निर्माण का सपना पूरा होने जा रहा है और गुरु जयंतसेनसूरीश्वरजी का सपना सफल हो रहा है। चढ़ावा कार्यक्रम में संगीतकार अरविंद गुरुजी ने भक्ति के माध्यम से कार्यक्रम को संगीतमय बना दिया।



# चिकपेट संघ में आयोजित वर्षीतप के चढ़ावों में दिखा उत्साह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय आदिनाथ जैन श्वेताम्बर संघ चिकपेट के सोहन हॉल में सामूहिक वर्षीतप के पारणा एवं तपोवंदना का कार्यक्रम आचार्यश्री श्री विज्ञानप्रभसूरीश्वरजी के मुनिश्री बोधीप्रभविजयजी एवं साध्वीश्री अरिहंतप्रभाश्रीजी की निश्रा में वर्षीतप पारणा के चढ़ावे बोले गए ।

चिकपेट संघ के अध्यक्ष गौतमचंद सोलंकी ने सबका स्वागत किया तथा सभी तपस्वियों की तपअनुमोदना की। संगीतकार विपिन पोरवाल ने संगीत की सुरावली से भक्ति का समाँ बाँधा। इस मौके पर संघ के सभी पदाधिकारी एवं ट्रस्टीगण उपस्थित थे।वर्षीतप तपस्या में सर्वोत्तम आदिनाथ सेवा मंडल बियासना की व्यवस्था प्रदान कर रहे है।

# दादा गुरुदेव की विशेष पूजा में बच्चों को किया सम्मानित

बेंगलूरु/दक्षिण भारत । स्थानीय सिमंधरस्वामी राजेन्द्रसूरी जैन श्वेताम्बर मंदिर मामुलपेट के तत्वावधान में आरती मंडल के द्वारा दादा राजेन्द्रगुरुदेव की विशेष पूजा की गई। इस आयोजन में बच्चों ने विशेष रूप से भाग लिया तथा भजन गायकों ने भजनों की प्रस्तुति दी।

रमेशचन्द भंडारी के सौजन्य से आयोजित इस विशेष पूजा में शामिल होने वाले 75 बच्चों को पुरस्कार दिए गए। इस मौके पर मंडल के अध्यक्ष चम्पालाल गादिया, सचिव महावीर मेहता, रवि मकराणी, सुरेश जैन आदि उपस्थित थे।





## प्रचार

कोयम्बटूर के आरएसपुरम् स्थित राजस्थानी संघ भवन में आयोजित एक समारोह में पोलाची संसदीय उम्मीदवार वसंतराजन के समर्थन में केन्द्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने सभा को संबोधित किया। इस मौके पर प्रवासी समुदाय के अनेक बंधु उपस्थित थे। केन्द्रीय मंत्री से भाजपा के समर्थन में वोट करने का आग्रह किया।



# अणुव्रत समिति द्वारा चुनाव शुद्धिकरण अभियान का आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। अणुव्रत विश्व भारती सोसाइटी के निर्देशन में स्थानीय अणुव्रत समिति ने गांधीनगर तेरापंथ भवन में आगामी 26 अप्रैल को आयोजित होने वाले चुनाव के लिए चुनाव शुद्धिकरण अभियान का आयोजन किया। समिति अध्यक्ष देवराज रायसोनी के नेतृत्व में एक विशेष बैठक बुलाई गई एवं कॉलेज के विद्यार्थी, ऑटो रिक्शा चालक, यात्रीगण या बेंगलूरु मतदाता के सुविधा के लिए चुनाव शुद्धिकरण हेतू तीन भाषाओं में साहित्य का वितरण किया। इस मौके पर सहमंत्री प्रवीण बोहरा, संगठन मंत्री निर्मल पोकरणा, कविता जैन ने कन्नड़ भाषा एवं पूर्व अध्यक्ष शांतिलाल पोरवाल, प्रचार प्रसार मंत्री रमेश दक ने अंग्रेजी भाषा में तथा देवराज रायसोनी, रुपचन्द देसरला, मंत्री हरकचन्द ओस्तवाल ने हिन्दी में प्रचार प्रसार के लिए सहयोग किया।

# चैत्र नवरात्रि महोत्सव में सप्तमी पर भजन संध्या

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां श्री माँ दधिमती सेवा धाम-दाहिमा भवन के तत्वावधान में नवरात्रि महोत्सव दाहिमा भवन, साहुकारपेट के प्रांगण में बड़े ही धूमधाम से मनायी जा रही है। विक्रम संवत् 2081 नूतन वर्ष के दिन घट स्थापना से महोत्सव का शुभ आरंभ हुआ। महोत्सव में सुबह प्रतिदिन माँ दधिमती का दूधाभिषेक, आरती, अर्चना, संध्या आरती एवं शयन आरती होती है।

'नवरात्रि महोत्सव-सप्तमी एक श्याम माँ दधिमती के नाम' भजन संध्या के उपलक्ष्य में सप्तमी 15 अप्रैल को रात्रि 8 बजे से कुलदेवी माँ दधिमती के भजनों का आयोजन किया गया है। जिसमें राजस्थान के भीलवाड़ा निवासी दीपा दाधीच अपनी मधुर वाणी से भजन माला की प्रस्तुति करेगी। महोत्सव अष्टमी के हवन पूजन के साथ महोत्सव संपन्न होगा।





## जीवदया

चेन्नई में रविवार को एक्नोरा अहिंसा इंडिया द्वारा भगवान महावीर स्वामीजी के 2623वें जन्म कल्याणक महोत्सव के मौके पर जीवदया कार्यक्रम मरीना बीच पर कबूतरों को दाना देने के लिए वहां स्थित सेन्टर पर दाना दिया गया। इस अभियान में गोविंदराज, शशिकुमार, दीपक, सारथी, दिलीप वेदमुथा, मनोज एवं कई जीवदया प्रेमी उपस्थित थे।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.